पौष माह, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 251 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net
प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार 07 जनवरी 2022 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# डरा रही कोरोना की तिगुनी रफ्तार

## दिल्ली में कोरोना संक्रमण के मामले काफी तेजी से बढ़ रहे, पिछले एक दिन में 15 हजार से अधिक लोग कोरोना की चपेट में

**नई दिल्ली**
दिल्ली में कोरोना संक्रमण के मामले काफी तेजी से बढ़ रहे हैं। बुधवार को स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी दी है कि पिछले एक दिन में 15 हजार से अधिक लोग कोरोना की चपेट में आए हैं। साथ ही इस बीच छह मरीजों की मौत हुई है। इसके अलावा दैनिक संक्रमण दर 15.34 फीसदी हो चुकी है। विभाग ने बताया कि पिछले एक दिन में 98434 सैंपल की जांच हुई थी जिनमें 15.34 फीसदी सैंपल कोरोना संक्रमित मिले हैं। इस दौरान 15097 लोग संक्रमित मिले हैं, जबकि 6900 मरीजों को छुट्टी दी गई। इसी के साथ ही राजधानी में कुल मामले बढ़कर 14,89,463 हुए हैं जिनमें से 14,32,838 मरीज ठीक हुए हैं लेकिन 25127 मरीजों की मौत हुई है। फिलहाल राजधानी में सक्रिय मरीजों की संख्या 31,498 हुई है। दिल्ली में अभी 5168 इलाके कंटेनमेंट जोन में हैं। विभाग ने बताया कि संक्रमित मरीजों की संख्या अस्पतालों में भी बढ़ी है। अभी 1091 मरीजों का इलाज अस्पतालों में चल रहा है। एक दिन पहले इनकी संख्या 782 थी। 1091 में से 87 मरीज संदिग्ध हैं। जबकि 135 मरीज दिल्ली से बाहर राज्यों के निवासी हैं। अभी 769 मरीजों का उपचार कोरोना के सामान्य वार्ड में चल रहा है लेकिन 2114 मरीजों को ऑक्सीजन थैरेपी दी जा रही है। वहीं 24 मरीजों की हालत गंभीर है और उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया है। एक दिन पहले 22 मरीज वेंटिलेटर पर थे।

**टेस्टिंग में बड़े पैमाने पर गिरावट को लेकर दी गई चेतावनी:** अतिरिक्त स्वास्थ्य सचिव आरती आहूजा की तरफ से लिखे गए लेटर में इन राज्यों में कोविड-19 टेस्टिंग में बड़े पैमाने पर गिरावट आने को लेकर चेतावनी दी गई है। साथ ही कहा गया है कि नए मामलों और पॉजिटिव रेट के तेजी से बढ़ने के बीच टेस्टिंग में कमी आना 'बड़ी चिंता' की बात है। 5 जनवरी को लिखे लेटर में आहूजा ने स्पष्ट तौर पर चेताया है कि पर्याप्त टेस्टिंग नहीं होने के चलते कम्युनिटी लेवल पर इन्फेक्शन के फैलने का सही आंकड़ा हासिल करना असंभव है।

**वैक्सीनेशन के बावजूद नए केस बढ़ने के कारण सतर्कता जरूरी:** आहूजा ने कहा है कि वैरिएंट ऑफ कंसर्न माने जा चुके ओमिक्रॉन के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है और दुनिया के अधिकतर देशों में हाई लेवल वैक्सीनेशन के बावजूद बड़े पैमाने पर कोरोना की नई लहर आ रही है। इसके चलते लगातार सतर्कता रखकर ही देश में कोरोना के हालात पहले जैसे खराब होने से बचाया सकता है।





### केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय कोरोना संक्रमित

**नई दिल्ली:** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय कोरोना से संक्रमित हो गये हैं। उन्होंने यह जानकारी साझा करते हुए बीते दिनों उनके संपर्क में आये लोगों को सतर्कता बरतते हुये जांच कराने का आग्रह किया है। राय ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा, मेरी कोविड जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

## यूपी में कोरोना : सीएम योगी ने फिर संभाला मोर्चा

**लखनऊ**
**प्रदेश** में कोरोना संक्रमण की चपेट से प्रदेशवासियों को सुरक्षित रखने के लिए जमीनी स्तर पर प्रदेश सरकार ने मोर्चा संभाल लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशों के अनुसार उप्र में टेस्टिंग व टीकाकरण की रफ्तार को तेजी से बढ़ाया जा रहा है। इसका परिणाम है कि राज्य में अब तक नौ करोड़ 39 लाख से अधिक टेस्ट व 20 करोड़ 69 लाख से अधिक वयस्कों का टीकाकरण किया जा चुका है। प्रदेश में तीन जनवरी से शुरू हुए 15 से 18 साल के बच्चों के टीकाकरण अभियान में अब तक यूपी में सात लाख से अधिक टीकाकरण किया जा चुका है। उत्तर प्रदेश को कोरोना काल में स्वास्थ्य सुविधाओं से लैस करने वाली योगी सरकार ने ऑक्सीजन प्लांट, बेड, डॉक्टरों व कर्मचारियों, अस्पताल, वेंटिलेटर की संख्यां में इजाफा किया है। इस कारण उप्र तीसरी लहर से लड़ने में पूरी तौर पर सक्षम है। प्रदेश में कोविड के बढ़ते मामलों को देखते हुए तैनात किए गए नोडल अधिकारी हर स्थिति पर सीधी नजर रख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने हर दिन न्यूनतम तीन से चार लाख टेस्ट किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केजीएमयू, आरएमएल और एसजीपीजीआई लखनऊ में जीनोम सिक्वेंसिंग की सुविधा को विस्तार देने के निर्देश दिए हैं।



**अमृतसर एयरपोर्ट पर कोरोना विस्फोट:** पंजाब के अमृतसर अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर गुरुवार को इटली से पहुंची एअर इंडिया की चार्टर्ड फ्लाइट वाईयू-661 में 125 यात्री संक्रमित मिले हैं। फ्लाइट में कुल 179 पैसेंजर सवार थे। सभी संक्रमितों को अमृतसर में क्वारैंटाइन कर दिया गया है। एयरपोर्ट पर कोरोना बम फूटने से हड़कंप मच गया है। यह पहली बार है, जब किसी एक फ्लाइट में इतनी ज्यादा संख्या में कोरोना संक्रमित मिले हैं।

अमृतसर हवाई अड्डा प्राधिकरण के निदेशक वीके सेठ ने बताया कि इटली को केंद्र सरकार ने एट रिस्क कंट्रीज की लिस्ट में शामिल किया हुआ है। वहां से फ्लाइट के करीब 11.30 बजे अमृतसर हवाई अड्डे पर लैंड होने के बाद हर यात्री का टेस्ट करने के आदेश दिए गए। फ्लाइट में कुल 179 यात्री थे।

## न्यूज फ्लैश

### पीएम की बैठक में नहीं पहुंचने के मामले में पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्य सचिव को सुप्रीम कोर्ट से झटका

**नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्य सचिव अलपन बंदोपाध्याय की याचिका को कैट की प्रिंसिपल बेंच को ट्रांसफर करने के आदेश को निरस्त करने के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया है। जस्टिस एएम खानविलकर की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया। कोर्ट ने 29 नवंबर, 2021 को केंद्र सरकार की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि कलकत्ता हाईकोर्ट को ये मामला सुनने का क्षेत्राधिकार नहीं है। उन्होंने कहा था कि हाईकोर्ट की टिप्पणी राजनीतिक बयानबाजी की तरह है। मेहता ने 15 नवंबर को कोर्ट से कहा था कि हाईकोर्ट का आदेश परेशान करने वाला है। न तो हाईकोर्ट की केंद्र सरकार पर टिप्पणी स्वीकार करने योग्य है और न ही कलकत्ता हाईकोर्ट को उस याचिका पर सुनवाई करने का क्षेत्राधिकार प्राप्त है। मेहता ने कहा था कि कलकत्ता हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार और कैट की प्रिंसिपल बेंच के खिलाफ टिप्पणी की। हाईकोर्ट जैसी संवैधानिक संस्था अगर ऐसी टिप्पणी करेगा तो वो काफी महत्वपूर्ण हो जाता है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में पिछले साल 28 मई को चक्रवात यास मसले पर बैठक में बंगाल के मुख्य सचिव रहते हुए अलपन के शामिल नहीं होने पर केंद्र सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू की थी। अलपन को दिल्ली रिपोर्ट करने का आदेश दिया गया था। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें रिलीव करने से इनकार कर दिया था। इस बीच 31 मई, 2021 को बंदोपाध्याय रिटायर हो गए लेकिन केंद्र सरकार ने उनके खिलाफ कार्यवाही जारी रखी ताकि उन्हें रिटायरमेंट से जुड़े लाभ नहीं मिल पाएं। बंदोपाध्याय ने केंद्र की कार्रवाई को कैट की कलकत्ता बेंच में चुनौती दी लेकिन केंद्र के अनुरोध पर कैट की कलकत्ता बेंच ने 21 अक्टूबर, 2021 को इस मामले को कैट के दिल्ली स्थित प्रिंसिपल बेंच को ट्रांसफर कर दिया और बंदोपाध्याय को निर्देश दिया गया कि वो प्रिंसिपल बेंच के समक्ष 22 अक्टूबर, 2021 को उपस्थित हों। बंदोपाध्याय ने इस फैसले को कलकत्ता हाईकोर्ट में चुनौती दी। कलकत्ता हाईकोर्ट ने बंदोपाध्याय की याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार पर कड़ी टिप्पणी की। हाई कोर्ट ने कहा था कि केंद्र सरकार की ओर से अपनाई गई पूरी प्रक्रिया से पूर्वाग्रह की बू आ रही है। हाईकोर्ट ने इसके साथ ही केस को प्रिंसिपल बेंच को ट्रांसफर करने के आदेश को निरस्त कर दिया था। हाईकोर्ट के इसी फैसले के खिलाफ केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

### उत्तर कोरिया ने हाइपरसोनिक मिसाइल का किया परीक्षण

**प्योगयांग**
उत्तर कोरिया ने बुधवार को अपनी हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया। गुरुवार को इसकी पुष्टि की गई है। इस दौरान वर्कर्स पार्टी के शीर्ष नेता और रक्षा अधिकारी मौजूद रहे। इस मिसाइल ने 700 किमी दूर अपने लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाया। इससे पहले ये करीब 120 किमी की ऊंचाई तक गई। वैज्ञानिकों ने इसे बड़ी सफलता बताया है। इस मिसाइल का नया फ्यूल सिस्टम काफी बेहतर है, जिसकी बदौलत ही इतनी सर्दी के मौसम में इसका सफल परीक्षण किया गया।

### सर्वोच्च न्यायालय में चार से छह हफ्ते तक फिजिकल सुनवाई नहीं

**नई दिल्ली**
चीफ जस्टिस एनवी रमना ने कहा है कि ओमिक्रोन के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए अगले चार से छह हफ्ते तक फिजिकल सुनवाई नहीं की जा सकती है। चीफ जस्टिस ने ये टिप्पणी निचली अदालतों के जजों की सेवा शर्तों पर सुनवाई के दौरान की।

सुनवाई के दौरान जस्टिस एल नागेश्वर राव ने कहा कि ओमिक्रोन के बढ़ते मामलों को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ जजों ने चीफ जस्टिस के साथ बैठक की है। जस्टिस राव ने कहा कि कोर्ट अगले कुछ हफ्ते केवल अति महत्वपूर्ण मामलों की ही सुनवाई करेगा।



पंजाब में हुई सुरक्षा चूक मामले पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मिले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति वेंकैया नायूड ने भी चिंता जताई।

## कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए साई ने जारी किया एसओपी

**नई दिल्ली**



**भारतीय** खेल प्राधिकरण (साई) ने कोविड मामलों में लगातार हो रहे वृद्धि से निपटने के लिए नया मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी किया है। एसओपी को विभिन्न राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (एनसीओई) के साथ-साथ चल रहे राष्ट्रीय कोचिंग शिविरों में सख्ती से लागू किया जाएगा। नए एसओपी के तहत प्रशिक्षण केंद्रों पर पहुंचने पर, सभी एथलीटों को अनिवार्य रैपिड एंटीजन टेस्ट (आरएटी) से गुजरना होगा। यदि परीक्षण नकारात्मक आता है, तो वे शामिल होने के छठे दिन तक अलग से प्रशिक्षण और भोजन करेंगे। आरएटी की पुनरावृत्ति 5वें दिन होगी। सकारात्मक परिणाम प्राप्त करने वालों का आरटीपीसीआर परीक्षण किया जाएगा और उन्हें अलग-थलग किया जाएगा।

## कोरोना: नौ राज्यों को केंद्र का पत्र, जांच बढ़ाने के निर्देश



**नई दिल्ली**
देशभर में ओमिक्रॉन के बढ़ते मामलों के बीच केंद्र ने नौ राज्यों को पत्र लिखकर कोरोना जांच की सुस्त रफ्तार पर चिंता जाहिर की है। केंद्र की ओर से यह पत्र तमिलनाडु, पंजाब, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मिजोरम, मेघालय, जम्मू-कश्मीर और बिहार सरकार को लिखा गया है। इस पत्र में कहा गया है कि वह अपने-अपने प्रदेश में कोविड-19 जांच को बढ़ाएं, जिससे संक्रमित व्यक्ति को चिह्नित कर उसे पृथक किया जा सके। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव आरती आहूजा ने बढ़ते मामलों और सकारात्मकता दर के बीच कोविड-19 परीक्षण में गिरावट की ओर इशारा किया और कहा कि यह चिंता का कारण है। उन्होंने अपने पत्र में कहा कि पर्याप्त परीक्षण के अभाव में संक्रमण के सही स्तर का पता लगाना मुश्किल है।

**टीकाकरण के बाद भी फैल रहा ओमिक्रॉन**-केंद्र की ओर से लिखा गया है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ओमिक्रॉन को वैरिएंट ऑफ कंसर्न की श्रेणी में रखा है। कई देशों में टीकाकरण के उच्च स्तर के बावजूद वहां पर कोविड-19 मामलों में अतिरिक्त उछाल देखा गया है। इसलिए कोरोना मामलों में अति गंभीरता की जरूरत है। केंद्र ने कहा कि सभी राज्य जांच में तेजी लाएं और अधिक से अधिक व्यक्तियों की जांच कर संक्रमित को भीड़ के बीच जाने से रोकें, जिससे संक्रमण की रफ्तार को कम किया जा सके।

**कोरोना के 90 हजार से ज्यादा मामले आए सामने**-कोरोना के मामलों में तेजी से उछाल हो रहा है। बुधवार को कोरोना के करीब 58 हजार मामले सामने आए थे, लेकिन बुधवार को देश भर में कोरोना का विस्फोट देखा गया और 90 हजार से ज्यादा मामले सामने आए। वहीं देश में ओमिक्रॉन के मामलों में भी गुरुवार को बड़ा उछाल हुआ और एक दिन में सबसे ज्यादा 495 मामले सामने आए।

## मार्च से वाराणसी व कानपुर के लिए भी हवाई सेवा होगी शुरू

**गोरखपुर।**



गोरखपुर से क्षेत्रीय उड़ान योजना के तहत हवाई सेवा को विस्तार देते हुए मार्च में गोरखपुर से वाराणसी व कानपुर के लिए भी हवाई सेवा शुरू हो जाएगी। विमानन कंपनी स्पाइस जेट को इसकी जिम्मेदारी मिली है। जल्द ही शेड्यूल जारी होने की उम्मीद है जिसके बाद टिकटों की बुकिंग शुरू हो जाएगी। गोरखपुर से अभी दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, लखनऊ व प्रयागराज के लिए रोजाना 11 विमान उड़ान भरते हैं। विमानन कंपनी स्पाइस जेट का 70 सीटर विमान गोरखपुर से रोजाना वाराणसी व कानपुर के लिए उड़ान भरेगा। इसे लेकर एयरपोर्ट प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है।

## दिल्ली: निजी स्कूलों में नर्सरी में आवेदन की तारीख बढ़ी

**नई दिल्ली**
कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए दिल्ली सरकार ने राज्य के निजी स्कूलों में नर्सरी में आवेदन करने की समय सीमा दो सप्ताह के लिए बढ़ा दी गई है। दिल्ली के शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा कि कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए उन्होंने निजी स्कूलों के नर्सरी में आवेदन करने की समय सीमा को दो सप्ताह के लिए बढ़ा दिया है। मंत्री ने कहा कि उन्होंने यह फैसला कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए लिया है। उल्लेखनीय है कि निजी स्कूलों में नर्सरी में आवेदन करने की अंतिम समय सीमा 7 जनवरी तय की गई थी। यहां आवेदन की प्रक्रिया 15 दिसंबर से शुरू हुई थी। अब 21 जनवरी तक अभिभावक निजी स्कूलों में आवेदन कर सकेंगे। राजधानी दिल्ली में कोरोना के साथ-साथ इसके नये वेरिएंट ओमिक्रोन का खतरा तेजी से बढ़ रहा है।



केन्द्र सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में गुरुवार को ओमिक्रोन संक्रमितों की संख्या बढ़कर 465 तक पहुंच गई है। जबकि इससे ठीक होने वाले मरीजों की संख्या 57 है।

## सुप्रीम कोर्ट ने नीट पीजी आरक्षण पर फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने नीट पीजी आरक्षण मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। सिन्हा आयोग ने व्यापक अध्ययन करके 2010 में रिपोर्ट दी थी जिसमें बताया गया था कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के आकलन करने के लिए हर राज्य में अलग पैमाना होना चाहिए लेकिन मौजूदा सरकार ने पूरे देश में 8 लाख रुपये का मानक तय कर दिया। सुनवाई के दौरान आज अरविंद दातार के बाद वकील श्रीरंग चौधरी और आनंद ग्रोवर ने दलीलें रखीं। चौधरी ने ओबीसी की पहचान के साथ आर्थिक रूप से कमजोर तबके के आकलन में कमियों की बात कही। आनंद ग्रोवर ने मांग की कि ईडब्ल्यूएस के लिए आय सीमा 8 लाख की बजाय 5 लाख रुपये सालाना रखी जाए। सुनवाई के दौरान फेडरेशन ऑफ रेज़िडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने कहा कि हर साल पीजी में 45 हजार नए दाखिले होते हैं। इस साल काउंसिलिंग न होने से जूनियर डॉक्टरों पर काम का बोझ बढ़ गया है। कोर्ट ने इस चिंता पर सहमति जताई। केंद्र की तरफ से सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि 2019 में ही इस तरह के आरक्षण का फैसला लिया गया था। तुषार मेहता ने 5 जनवरी को कहा था कि हमने 3 वरिष्ठ अधिकारियों की कमेटी बनाई थी और 31 दिसंबर को हलफनामा दाखिल किया है।



श्याम दीवान ने कहा कि अभी तक यह मामला 3 जजों की बेंच में था लेकिन वहां जिरह अधूरी थी। श्याम दीवान ने कहा कि सिर्फ ईडब्ल्यूएस आरक्षण का मामला नहीं है। हमने ओबीसी आरक्षण को भी चुनौती दे रखी है।

## मेसी ने कोरोना को दी शिकस्त, जल्द ही पीएसजी में करेंगे वापसी

**पेरिस**
लीग 1 क्लब पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी का कोविड-19 रिपोर्ट नकारात्मक आया है और वह अगले कुछ दिनों में फिर से टीम में शामिल होंगे। पीएसजी ने एक आधिकारिक बयान में कहा है, "मेसी का कोविड -19 रिपोर्ट नकारात्मक आया है। वह पेरिस पहुंचे हैं और अगले कुछ दिनों में टीम में फिर से शामिल होंगे।" इस बीच, लेविन कुजार्वा कोरोना संक्रमित हो गए हैं और उन्हें आइसोलेशन में रखा गया है। मेसी के साथ पेरिस सेंट-जर्मेन एफसी के तीन खिलाड़ी जुआन बर्नट, सर्जियो और नाथन बिटुमजाला 2 जनवरी को कोरोना संक्रमिक हो गए थे।

## 'सीमा सुरक्षा के लिए भारत उठा रहा कदम'

**नई दिल्ली**
विदेश मंत्रालय ने पूर्वी लद्दाख में चीन की ओर से पेगोंग झील पर पुल बनाये जाने संबंधी रिपोर्ट पर कहा है कि भारत सुरक्षा के लिये सभी आवश्यक कदम उठा रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को कहा कि जिस क्षेत्र में यह पुल बनाया जा रहा है वह पिछले छह दशकों से चीन के अवैध कब्जे में है। भारत ने अपने सुरक्षा हितों की रक्षा और इस क्षेत्र में आधारभूत ढांचे के विकास के लिए सभी जरूरी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार सीमा क्षेत्रों में संपर्क सुविधाओं और आधारभूत ढांचे का लगातार विकास कर रही है। इससे नागरिकों के साथ ही सुरक्षा बलों का आवागमन सुगम बना है। प्रवक्ता ने चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों का नामकरण किये जाने पर कहा कि चीन को ऐसे बकवास कामों से बाज आना चाहिए। नाम बदले जाने से जमीन पर हकीकत नहीं बदलती है। उन्होंने कहा कि चीन को इस तरह की निरर्थक गतिविधियों में लिप्त होने की बजाय सीमावर्ती क्षेत्र के गतिरोध वाले स्थलों पर सामान्य स्थिति कायम करने के लिए भारत के साथ मिलकर सकारात्मक प्रयास करने चाहिए। प्रवक्ता ने चीनी दूतावास के राजनीतिक मामलों के राजनयिक की ओर से भारतीय सांसदों को पत्र लिखे जाने पर भी आपत्ति व्यक्त की। दूतावास ने कुछ भारतीय सांसदों को पत्र लिखकर आगाह किया था कि वह भारत में निर्वासित तिब्बती सरकार की ओर से आयोजित कार्यक्रमों में भाग ना लें।



## खबर संक्षेप

### भगदेवा चौराहे को गोकुल प्रसाद सिंह का नाम देने की मांग

**शंकरगढ़।** यमुनापार के विकास खंड शंकरगढ़ में स्थित भगदेवा जूही चौराहे को अमर स्वतंत्रता सेनानी गोकुल प्रसाद सिंह का नाम दिए जाने की मांग की गई है। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यसमिति के सदस्य प्रवीण सिंह ने उक्त आशय का एक मांग पत्र डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को सौंपा है। प्रवीण सिंह ने बताया कि उन्होंने भगदेवा जूही चौराहे का नाम स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर रखे जाने सहित भगदेवा से नौढि?ा उपरहार तक जाने वाली सडक का नाम भी फ्रीडम फाइटर के नाम पर रखे जाने की मांग की है। प्रवीण सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी गोकुल प्रसाद सिंह का स्वतंत्रता संग्राम में अविस्मरणीय योगदान है। उन्होंने न केवल अपने परिवार को खोया, बल्कि ब्रिटिश हुकूमत में कई बार जेल गए, यातनाएं झेलीं। प्रवीण सिंह की मांग पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र लिखते हुए आवश्यक कार्यवाही के लिए कहा है।

# कोहरा व शीतलहर संग बरसात की तिकड़ी से बढ़ी गलन

## रबी की अगैती फसलों को नुकसान पहुंचा सकती हैं तेज हवाएं, प्रयागराज समेत समीपवर्ती जनपदों में पड़ती रहीं रिमझिम फुहारें

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** बुधवार को जहां दोपहर तक कोहरा का कहर जारी रहा, वहीं गुरुवार की सुबह जब लोग बिस्तर छोड़ बाहर निकले तो आसमान बादलों से ढका नजर आया। उम्मीद थी कि दोपहर होने तक मौसम कुछ साफ हो सकता है। सूर्यदेव के दर्शन मिल सकते हैं,लेकिन सुबह से ही बादलों से रिमझिम फुहारें गिरने लगीं और दोपहर होते होते रिमझिम फुहारों ने रफ्तार पकड़ ली।यह हाल पूरे यमुनापार का रहा।जनपद प्रयागराज के साथ ही समीपवर्ती जनपद प्रतापगढ़, चित्रकूट, मध्यप्रदेश और कौशाम्बी में कई स्थानों पर घंटेभर फुहारें पड़ती रहीं।

रिमझिम फुहारों के साथ चलने वाली सर्द हवाओं ने लोगों को ठिठुरने के लिए मजबूर कर दिया। घर के बाहर अलाव जलाकर बैठे लोग अपना बोरिया-बिस्तर समेटकर अंदर की तरफ भागे। रिमझिम फुहारों में अलाव के लिए रखी गई लकड़ियां भी भीग गईं।जनपद के कुछ हिस्सों में रिमझिम फुहारों का सिलसिला कुछ देर में खत्म हो गया तो कहीं-कहीं काफी देर तक फुहारें पड़ती रहीं। तेज हवाओं के चलते ठिठुरन बढ़ गई। इसके अलावा अगैती फसलों को भी नुकसान की संभावना जताई जा रही है। वैसे तो यह बरसात रबी की प्रमुख फसल गेहूं के लिए काफी फायदेमंद है।



क्षेत्र में सर्द हवाओं व रिमझिम बारिश का दिन भर इस तरह से रहा दृश्य।

### फूल वाली फसलों को हुआ नुकसान

गुरुवार की सुबह से बिगड़े मौसम की वजह से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई। बाजारों, गलियों में पानी की वजह से किचकिच हो गई। किसानों की मानें तो इस बारिश ने अगैती फसलों की हालत खराब कर रखी है। चना, मसूर, मटर व सरसो जैसी फसलें, जिनमे फूल लग गया है, उन्हे इस बरसात से अच्छा खासा नुकसान हुआ है। कहीं-कहीं तेज हवाओं के कारण फसल जमीन पर गिर गई। हालांकि ऐसी स्थिति मंडल के काफी कम हिस्से में है।आज भी इसी तरह के मौसम की उम्मीद जनपद में बुधवार को न्यूनतम पारा 8.7 डिग्री रिकार्ड किया गया था और गुरुवार को हुई बरसात के बाद यह और नीचे चला गया। इससे ठिठुरन बढ़ गई है। ठंड और रिमझिम फुहारों की वजह से बहुत जरुरी होने पर ही लोग घरों से बाहर निकले। मौसम विज्ञानियों ने आज की तरह कल,यानि शुक्रवार को बादलों के छाए रहने की उम्मीद जताई है। यदि कल भी रिमझिम फुहारे पड़ती हैं तो ठंड में और इजाफा होगा।

### बुजुर्गों और बच्चों का रखें विशेष ख्याल

सीएचसी शंकरगढ़ के अधीक्षक डा. शैलेंद्र सिंह कहते हैं कि शीतलहर के दौरान कान, सिर, पैर जरूर ढक कर रखें। ठंड की चपेट में आने से पुरानी चोट दर्द बढ़ा सकती है। कहा कि 60 वर्ष से ऊपर के लोग मार्निंग वॉक अवाइड करें। बेहतर होगा कि घर में कुछ हल्की एक्सरसाइज करें। टहलने वाले लोग मास्क जरूर लगाएं।इसके अलावा नार्मल (ताजा) पानी से ही नहाने की कोशिश करें। ठंडे पानी से नहाने के कारण हार्ट अटैक होने का खतरा रहता है। पानी लगातार पीते रहें। कोशिश करें कि पानी गुनगुना हो।

### ताजी सब्जियों का जूस होगा फायदेमंद

एमडी डॉ संजय सिंह ने कहा कि इस सीजन में हरी ताजी सब्जियों के सूप पीना फायदेमंद रहेगा। कहा कि कायदे से इस समय हरी सब्जियों और मौसमी फलों को डाइट का हिस्सा बनाएं। हैवी एक्सरसाइज से बचें और आसन और प्राणायाम करना बेहतर रहता है। कार में या घर में हीटर-ब्लोअर यूज कर रहे हैं तो बाहर खुले में जाने से पहले तीन से चार मिनट तक शरीर तापमान के सामान्य होने का इंतजार करें।

### प्रधान चनेथू ने जलवाया अलाव, मिली हाड़कपाती ठंड से राहत

**जंघई।** बारिश एवं ठंड से लोगों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है इससे लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है।प्रधान चनेथू आरती अमन पांडेय द्वारा ठंड से राहत देने के लिए चनेथू चौराहे एवं विभिन्न स्थानों पर अलाव जलवा कर लोगों को राहत दिया। सभी ने प्रधान की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुये आशीर्वाद दिया सूर्यदेव के दर्शन न होने से एवं बारिश के कारण दिनभर लोग अलाव से चिपके रहे। किसान फसलों को लेकर चिंतित है बारिश, गलन व तेज हवा भी बनी रही जिसका असर रहा कि आवश्यक कार्य पर ही लोग घरों से निकलते देखे गए।ठंडी में लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित रही राहगीरों ने भी रुक रुक कर अलाव तापा और प्रधान की सराहना किया।

# शीर्ष नेतृत्व ने टिकट दिया तों विधानसभा करछना में भाजपा की जीत तय : इंजी. जगदीश यादव

### करछना में दर्जन भर से अधिक पत्रकार हुए सम्मानित



अखंड भारत संदेश

**करछना।** विधानसभा करछना में पिछले पांच वर्षो से जनता की सेवा करने के अलावा पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाई और बाढ़ प्रभावित लोगों को मदद उनकों आवास आदि से लेकर उनके दुःख सुख में हमेशा काम किया है, और सरकार की कल्याण कारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने में एक सिपाही की तरह हमेशा लोगों के बीच काम किया है । उक्त विचार भाजपा के ई,जगदीश सिंह यादव जिला उपाध्यक्ष भाजपा यमुनापार प्रयागराज एवं राष्ट्रीय महासचिव बैकवर्ड दलित संघ विधानसभा 260 करछना के भाजपा उम्मीदवार ने करछना ब्लाक सभागार में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं, उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि मुझे भरोसा है कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने टिकट दिया तों करछना विधानसभा सभा को भय मुक्त और विकास की गति को आगे बढ़ाने में कोई कमी नहीं करेंगे , मेरा मुख्य उद्देश्य होगा विकास, उन्होंने कहा कि पिछले कयी वर्षो से विधान सभा करछना की सीट ऐसे लोगों के बीच रही हैं, जो क्षेत्र के विकास को पिछे धकेलने का काम किया जिससे आज करछना का विकास काफी पीछे चला गया है, उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए अपनी उम्मीदवारी को पक्का बताया और भरोसा जताया कि जनता उन्हे अपना आशीर्वाद देकर करछना विधानसभा को एक मजबूत उम्मीदवार का इस बार चयन जरूर करेगी, इस दौरान उन्होंने दर्जन भर से अधिक पत्रकारों को सम्मानित किया, इस मौके पर पत्रकारों के अलावा मुकुंद लाल सोनकर, ब्रजेश निषाद, धर्मेन्द्र कुमार यादव, श्याम लाल चौधरी, रवी निषाद, शौरभ यादव सहित पत्रकार लोग शामिल रहे।



### पंजाब के मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

**जसरा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला यमुनापार के तत्वावधान में जिला अध्यक्ष सुधाकर पाण्डेय के नेतृत्व में मेवा लाल बगिया, मिर्जापुर रोड पर जिले के समस्त पदाधिकारियों के साथ पहुँच कर पंजाब में रैली करने पहुँचे देश के प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक और पंजाब सरकार की लापरवाही को बताते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और राहुल गांधी के पुतले को जलाया। सभा को संबोधित करते हुए सुधाकर पाण्डेय जी ने कहा कांग्रेस ने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का सम्मान कभी नही किया और आज जब देश के प्रधानमंत्री हुसैनी वाला स्थित राष्ट्रीय शहीद स्मारक पर जाकर शहीदों को अपना श्रद्धा सुमन अर्पित करते तो उसमें भी अवरोध उत्पन्न किया । कार्यक्रम के दौरान जिला महामंत्री जयव्रत सिंह, जय शंकर पाण्डेय, सोमेश्वर मंडल अध्यक्ष शिव तिवारी, सत्यदेव जायसवाल, आनंद पाल, शुभम तिवारी, सिद्धार्थ कुँवर, मनोज साहू, सुमित केसरवानी, मोहित खेड़ा एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे । उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी युवा मोर्चा सचिन श्रीवास्तव ने दी।



### नव वर्ष मिलन समारोह में क्षेत्र पंचायत सदस्य संगठन ने सदस्यों का किया स्वागत

**कोरांव।** क्षेत्र पंचायत सदस्य ब्लॉक कोराव के नव नियुक्त अध्यक्ष कपिल कुशवाहा एडवोकेट ने अपने मनोनीत पदाधिकारियों के साथ नव वर्ष समारोह आयोजित किया और उनका सदस्यों ने स्वागत अभिनंदन किया।

समारोह में सभी ब्लॉक के कई बी डी सी मेंबर आम जनों ने हिस्सा लिया और एक दूसरे को शुभ कामनाएं दी। कपिल कुशवाहा अध्यक्ष के साथ ब्लॉक उपाध्यक्ष शिव बाबू चमार, मंत्री संतोष कुशवाहा और महा मंत्री यादवेंद्र अहिर आदि ने भाग लिया।

## न्यूज झरोखा

### जंघई डाकघर मे आधार कार्ड बनवाने अपडेट कराने के नाम पर वसूली, मारपीट



**जंघई।** जंघई पोस्ट आफिस मे नया आधार कार्ड बनवाने एवं आधार कार्ड संशोधित कराने आये लोगों से डाक कर्मचारियो मे मारपीट हो गयी लोगो का आरोप था कि सुबह से लाइन लगाने के बाद कर्मचारी 11 बजे आते हैं उपर से सुविधा शुल्क भी मांग रहे है। पोस्ट आफिस मे आधार कार्ड बनवाने के लिए गुरुवार सुबह आठ बजे लोगो की लंबी लाइन लग गयी लोगो का आरोप था की दस बजे के बाद भी कोई कर्मचारी नही पहुंचा। आधार कार्ड अपडेट कराने आया एक व्यक्ति जब बिलंब से पहुंचे कर्मचारियों से पूछने लगा कि आप लोग बिलंब से क्यों आये हम लोग सुबह से लाइन लगाकर खड़े हैं इस पर आपस में कहासुनी हो गई और दोनों पक्ष में मारपीट हो गई।उपस्थित लोगों का कहना है कि प्रतिदिन कर्मचारी बिलंब से आते हैं और 50 रुपये से 200 रुपये तक वसूली हो रही है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

### मोहित यादव सपा के बने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य



**करछना।** तहसील के गंधियांव गाँव के निवासी क्रांतिकारी नेता मोहित यादव को समाजवादी पार्टी के सुप्रीमों अखिलेश यादव जी के आदेश पर व समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष राम करण निर्मल जी के संस्तुति पर मोहित यादव को समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया । जिससे जिले के पूरे समाजवादी कार्यकताओं, छात्राओं व युवाओं में खुशी और जोश का माहौल रहा । व बधाई देने का ताँता लगा रहा । वहीं पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी बधाई देते हुए यह विश्वास जताया है कि पार्टी हाई कमान ने मोहित यादव को जो बड़ी जिम्मेदारी दी है उसका वह पूरी निष्ठा के सत्य निर्वहन करते हुए पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने में अपना अहम सहयोग देंगे।

# मनुष्य जन्म का एकमात्र लक्ष्य प्रभु की भक्ति प्राप्ति करना है : अभिषेक कृष्णम

**लेडियारी।** सर्वेश्वर हनुमान मंदिर नारी मे कथा के तीसरे दिन श्रीमद्भागवत महापुराण में व्यास आचार्य पंडित अभिषेक कृष्णम महराज ने बताया कि किस प्रकार नौ प्रकार से ईश्वर की आराधना कर मोक्ष प्राप्त किया जा सकता है। यदि कोई व्यक्ति इन नौ में से किसी भी एक प्रकार की भक्ति को अपने जीवन में हमेशा के लिए अपना लेता है तो मात्र इससे ही वो प्रभु के बैकुण्ठ धाम की प्राप्ति कर सकता है। यह नौ उपाय अत्यंत सरल और कारगर है। नवधा भक्ति के नौ भाव-: श्रवण- भगवान के चरित्र, लीला, महिमा, गुण, नाम तथा उनके प्रेम एवं प्रभावों की बातों का श्रद्धापूर्वक सदा सुनना और उसी के अनुसार आचरण करने की चेष्टा करना, श्रवण भक्ति है। कीर्तन- भगवान की लीला, कीर्ति, शक्ति, महिमा, चरित्र, गुण, नाम आदि का प्रेमपूर्वक करना कीर्तन भक्ति है। स्मरण- सदा अन्नय भाव से भगवान के गुण प्रभाव सहित उनके स्वरूप का चिन्तन करना और बारम्बार उनपर मुग्ध होना स्मरण भक्ति है। चरण सेवन- भगवान के जिस रूप की उपासना करते हो, उसी का चरण सेवन करना या सब में ईश्वर को देखकर उन्हें प्रणाम करना। इस भक्ति में भगवान के चरणों की आराधना का महत्व है। पूजन- अपनी रुचि के अनुसार भगवान की किसी मूर्ति या मानसिक स्वरूप का नित्य भक्तिपूर्वक पूजन करना। नित्य दीप प्रज्जवलित कर भगवान की आरती व पूजा करना इस भक्ति के अंतर्गत आता है। वन्दन- ईश्वर या समस्त जग को ईश्वर का स्वरूप समझकर वन्दन करना वन्दन भक्ति है। दास्य- ईश्वर को अपना मालिक मन से स्वीकार कर स्वयं को उनका दास मान लेना दास्य भक्ति है। सख्य- भगवान को अपना परम हितकारी मानकर उन्हें अपना दोस्त मान लेना सख्य भाव की भक्ति है। आत्मनिवेदन या समर्पण- अंहकार रहित होकर अपना सर्वस्व ईश्वर को अर्पण कर देना। स्वयं को ईश्वर को मन से सौप देना आत्मनिवेदन। ध्रुव चरित्र, भक्त प्रल्हाद चरित्र और नरसिंह अवतार पर आचार्य पंडित अभिषेक कृष्णन जी महाराज ने बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुति दी। बहुत ही सुंदर ढंग से की गई प्रस्तुति सुन श्रीमद्भागवत कथा सुनने उमड़े श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। गुरुजी के साथ आचार्य पंडित नकूल पांडेय, सुधाकर शास्त्री, शिवशंकर शास्त्री, पुजारी रमेश दास के साथ स्त्रोतागण शरद गुप्ता, महेंद्र कुमार शुक्ल, सूर्यभान सिंह, दिलीप कुमार चतुवेर्दी,ऋषि मोदनवाल, नरेंद्र केसरवानी, दिवाकर साहू,कान्हा चतुवेर्दी,मोनू केसरवानी,बबलू बनिया,प्यारे मोहन आदि रहे।

### सावित्रीबाई फुले को याद किया गया

**सहसों।** देश के इतिहास में महिलाओं के प्रति सजग प्रहरी रहीं सावित्रीबाई फुले के जन्म दिवस के अवसर पर क्षेत्र के तिवारीपुर गांव में पूर्व प्रधान दीनानाथ तिवारी की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान बाल गोविंद तिवारी व शिव कुमार शुक्ला ने कहा कि सावित्रीबाई ज्योतिराव फुले भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारिका थीं। उन्होंने अपने पति ज्योतिराव गोविंदराव फुले के साथ मिलकर स्त्री अधिकारों एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उल्लेखनीय कार्य किया। उन्होंने कहा छुआछूत, बालिकाओं की शिक्षा , महिलाओं के प्रति जागरूकता सहित अनेक सामाजिक कार्य के लिए वे सदैव अविस्मरणीय रहेंगी। इस मौके पर क्षेत्र के पचास गरीब ,असहाय महिलाओं को अंगवस्त्रम एवं स्वेटर प्रदान किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से शिव प्रसाद तिवारी, तीरथ राज, अशोक शुक्ला, सुशील कुमार, राम मूरत, ब्रह्म देव तिवारी , विजय यादव त्रिमूर्ति, राम बहादुर यादव, अंकित तिवारी, ओम जी, रजत आदि प्रमुख रूप से रहे।

# निगरानी एवं ग्राम पंचायत की बैठक आयोजित

### भू अतिचारियों और उचित दर विक्रेता के खिलाफ कार्यवाही का प्रस्ताव पारित, निगरानी समिति के सदस्यों का गठन तथा ग्राम पंचायत के मानदेय पर विचार

**रत्योरा।** सासन की मंशानुसार जिलाधिकारी प्रयागराज के दिशा निर्देशन में नियमानुसार एक निगरानी समिति तथा ग्राम पंचायत की खुली बैठक ग्राम सचिवालय भवन अल्हवा पर ग्राम प्रधान अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे की सदारत में ग्राम पंचायत अधिकारी कोरांव अभिसेख कुमार सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में निगरानी समिति के वर्ष 2021/ 2022 की बैठक में कुछ नए सदस्यों का चयन किया गया और लापरवाह लोगों को सूची से बाहर कर दिया गया। साथ ही उचित दर विक्रेता अल्हवा लाल बहादूर पाल द्वारा निरंतर समिति की बैठक में भाग न लेने के कारण सरकार की जारी गाइड लाइन का उल्लंघन किए जाने के कारण जिलाधिकारी प्रयागराज/जिला निगरानी समिति को कार्यवाही हेतु प्रस्तावित कर पत्र प्रेषित किया गया। साथ ही ग्राम में सभी को कोरोना गाइड लाइन का अनुपालन करने का सुझाव निर्देश दिया गया। बैठक में अतुल कुमार तिवारी लेखपाल,आशा बहू विट्टो बेबी उर्फ साजिदा बेगम, आंगन बाणी कार्यकर्ती सोन कली,अध्यापक राम बहादुर,रोजगार सेवक सूर्यदिन सिंह पटेल,पंचायत सहायक अखिलेश सिंह पटेल,तथा सदस्य रमाकांत सिंह पटेल,ममता देवी,सुशीला सिंह,बाल कृष्ण कोल,राममूरत पाल,सरयू प्रसाद सिंह पटेल,शमीम बेगम,रुक्मिणी सिंह पटेल,इंद्रावती कोल,राम आसरे कोल,सहित सभी ग्राम पंचायत समितियों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, सदस्य आम नागरिक मौजूद रहे। इसी प्रकार ग्राम पंचायत अल्हवा द्वारा सर्व सम्मति से कई विकास कार्यों का प्रस्ताव पारित किया। जिससे वर्ष 2021/2022 के निर्माण कार्यों को अंजाम दिया जा सके। साथ ही ग्राम समाज की जमीनों पर होने वाले प्रस्तावित निर्माण कार्यों के अतिचारियों के विरुद्ध लोक संपत्ति निवारण अधिनियम आदि के तहत कार्यवाही हो सके। सार्वजनिक वितरण प्रणाली में विक्रेता की मनमानी पर सदस्यों ने सर्व सम्मति से विधिक कार्यवाही का अनुमोदन किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधान शहजादे ने कहा कि जन सुविधाओं को देखते हुए कच्चे पक्के कार्यों के प्रस्ताव पारित करते हुए विकास की गति तीव्र करने की बात कही। उन्होंने ग्राम सभा हित 26 जनवरी को कुशल मनरेगा श्रमिकों और सदस्यों को तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों ,महिलाओं को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा मेरा प्रयास होगा कि गांव में एक ई रिक्शा इमरजेंसी सेवाओं हेतु,तथा शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु एक पानी का टैंकर सचिवालय भवन पर सी सी टी वी कैमरा,सांस्कृतिक तथा धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजनों हेतु हॉर्न,माइक,मशीन, हारमोनियम,ढोलक,मजीरा,आदि नए साल में मुहैया करा दूं। चुनाव बाद कृषि एवं आवासीय पट्टे वितरित कराएंगे। उन्होंने लेखपाल अल्हवा से भूनतिचार के विरुद्ध लिस्ट बना कर प्रथिमिकी दर्ज कराने को कहा है। हर माह पांच तारीख को सचिवालय भवन पर मासिक बैठक में भाग लेंने की अपील किया,जिससे उन्हें हर बैठक में प्रति बैठक एक सौ रुपए मानदेय उनके बैंक खातों में अपने ग्राम निधि से साशनादेश के तहत भेजा जा सके।

### उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी : शाहबाज हक



**करछना।** योगी सरकार में प्रदेश का हर वर्ग पीड़ित परेशान है किसान हो या व्यापारी शिक्षक हो या विद्यार्थी मजदूर हो या कर्मचारी सभी सरकार से निराश और नाराज हैं शाहबाज हक ने कहा कि जनता का हर वर्ग चुनाव की प्रतीक्षा में है और चाहता है कि चुनाव आए और भाजपा सरकार को बाहर का रास्ता दिखाया जाए समाजवादी पार्टी को विकास का प्रतीक बताते हुए शाहबाज हक ने कहा कि सपा सरकार के दौर में कितने काम हुए हैं चीन की कोई विशाल उत्तर प्रदेश के इतिहास में नहीं मिलती है सपा सरकार के समय में हर जगह विकास की गंगा बहती थी जो अब रूक गई है और जनता इस सरकार से बेहद त्रस्त है शाहबाज हक ने कहा कि आने वाले चुनाव में जनता का जो मूड है उससे आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि समाजवादी पार्टी और उसके गठबंधन के दलों को 300 से भी ज्यादा सीटें मिलने जा रही है उत्तर प्रदेश में शानदार अंदाज में समाजवादी पार्टी सत्ता में आने वाली है शाहबाज हक ने सभी लोगों से अपील की है कि वह एकजुट होकर समाजवादी पार्टी को अपना वोट दें और किसी अन्य पार्टी को अपना वोट देकर वोट बिल्कुल भी खराब और बर्बाद ना करें।

# हां मैं थाना नैनी, हो गया 50 बरस का, न्याय दिलाने से अन्याय तक का देखा सफर...

सुनील गिरि (गिरी बाबा)

## 50 बसन्त झेल चुके थाना नैनी के अनगिनत रंग




**प्रयागराज।** तीर्थराज प्रयागराज महानगर के थाना नैनी अपने स्थापना के 50 बसन्त के बाद भी पूर्णता के सपने देखते हुए अन्यायपूर्ण झटकों के बीच लोगों को न्याय दिलाने के पथ पर आज भी अग्रसर है। जानकारी के मुताबिक प्रयागराज महानगर का जुड़वा शहर कहे जाने वाले नैनी को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में प्रसिद्धि प्राप्त है। नैनी थाना व थाना औद्योगिक क्षेत्र के रूप में दो पुलिस स्टेशन स्थापित हैं। जिनमें 1972 में स्थापित थाना नैनी वर्तमान 2022 में अपने स्थापना के 50 वर्ष पूरे कर रहा है। बताया जाता है कि आगामी 26 जनवरी को थाना नैनी के 50 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### विशेष महत्वपूर्ण धरोहरों का क्षेत्र है थाना नैनी

ऐतिहासिक केंद्रीय कारागार, कॉटन मिल, टीएसएल, अलस्ट्रोम जैसे कारखाने, त्रिवेणी पुष्प जैसे प्रयागराज के गौरव व प्राचीन श्री सोमेश्वर नाथ, अरैल क्षेत्र में प्रति वर्ष लगने वाले माघ मेला क्षेत्र के एक बड़े भूभागआदि धार्मिक स्थलों जैसे अनगिनत महत्वपूर्ण स्थान को अपने कार्य क्षेत्र में समेटे थाना नैनी 50 बरस का हो चला है। इस 50 वर्षों में वह न्याय से लेकर अन्याय तक की रूपरेखाओं को देखा है।

### समस्याएं अपार, न्याय की दरकार

पीड़ितों को न्याय दिलाने हेतु अनगिनत खूंखार अपराधियों को सजा दिलाने वाले थाना नैनी को लोग कोतवाली नैनी के नाम से भी पुकारते हैं। हालांकि कागजी कोरम में थाना नैनी ही प्रस्तुत है। विगत पांच दशकों से स्वयं के लिए न्याय की दरकार है। प्रति वर्ष बरसात में इसके परिसर में भारी जल जमाव एक बड़ी समस्या है। जोकि केवल जल जमाव के समय ही अधिकारियों के संज्ञान में आता है। विगत कुछ वर्षों से यहां के प्रभारी निरीक्षकों को पर्याप्त समय न दिया जाना भी अव्यवस्था को जन्म दिया जा रहा है। जबकि प्रयागराज जिले के यमुनापार क्षेत्र स्थित थाना नैनी एक बड़ा क्षेत्र माना जाता है। यहां पर एक से एक बढ़कर ईमानदार और अच्छे कोतवालों की नियुक्ति हुई, लेकिन वह कोतवाल ज्यादा से ज्यादा दिन तक टिक न सके, हर बार राजनीति के शिकार होते हुए उनका स्थानांतरण कर दिया गया।

### आदमखोर राजा कोलन्दर से लेकर महान समाज सेवियों व राजनेताओं का रहा है गढ़

थाना नैनी विकास स्वरूप औद्योगिक नगरी के रूप में प्रख्यात रहा है, लेकिन यही क्षेत्र आदमखोर राजा कोलन्दर उर्फ राज निरंजन जैसे अपराधी का गढ़ भी रहा है। बताया जाता है कि कभी सीओडी कर्मचारी रहे राजा कोलन्दर ने लगभग 14 हत्याएं की थीं। जिसमें खास बात यह थी कि वह हत्या करने के बाद खोपड़ी से दिमाग निकालकर व उसे उबालकर उसका सूप पी जाता था। इसी के साथ विकास पुरुष हेमवती नन्दन बहुगुणा, पूर्व सांसद मुरली मनोहर जोशी व पूर्व पश्चिम बंगाल के राज्यपाल एवं पूर्व उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष प० केशरी नाथ त्रिपाठी जैसे युगपुरुषों की कर्मस्थली भी रहा है।

### हमारे चौखट से कोई भी पीड़ित निराश होकर न लौटे...

मैं थाना नैनी वर्तमान में सन 2022 मैं 50 बरस का हो चला हूं। मैंने इन 50 वर्षों में अपने ही थाने में अच्छे से अच्छे ईमानदार कोतवाल व पुलिस कर्मियों की फौज को भी देखा है। उन पुलिसकर्मियों को भी देखा है, जो थाना नैनी के नाम से कारखासी करते थे और अभी भी जारी है। इतना ही नहीं बीते कुछ वर्ष पूर्व न्यायालय के आदेश पर एक इंस्पेक्टर समेत आठ पुलिसकर्मियों पर 156 (3) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच का आदेश दिया जा चुका था। मैं थाना नैनी हर एक पीड़ित व्यक्तियों को न्याय दिलाने के लिए हमेशा तात्पर्य तैयार रहता हूं। हमारे चौखट पर जो भी पीड़ित आता है। हमेशा एक ही वाक्य होता है कि उस पीड़ित को हर हाल में न्याय मिले और न्याय के लिए कहीं और न भटकना पड़े। मैं थाना नैनी राजा कोलंदर जैसे शातिर अपराधियों को भी देखा है। जो कई हत्याओं के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा और एक अच्छी विवेचना होने के बाद उसे आजीवन कारावास की सजा न्यायालय द्वारा दी गई। थाना नैनी क्षेत्र में आए न आए दिन वारदात घटित होते रहते हैं। बस यही अपने यहां थाना नैनी में तैनात प्रत्येक पुलिसकर्मियों से अनुरोध करता हूं कि मेरा क्षेत्र सुख शांति प्राप्त करें। उस दिशा में हमारे अधिकारी कार्यों को अंजाम दें।

### नाबार्ड एवं इलाहाबाद डिस्ट्रिक्ट को-आपरेटिव बैंक ने किया किसान गोष्ठी का आयोजन




**जंघई।** नाबार्ड एवं इलाहाबाद डिस्ट्रिक्ट को-आपरेटिव बैंक द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन चनेथू चौराहे पर किया गया।जिसमें उपस्थित किसानों को बैंक एवं किसानों से संबंधित जानकारी कृष्ण कुमार शाखा प्रबंधक उग्रसेनपुर इलाहाबाद डिस्ट्रिक्ट को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड एवं रणजीत सिंह कृषि सलाहकार द्वारा वित्तीय साक्षरता शिविर में दिया गया।इस अवसर पर किसानों को दवा छिड़काव एवं विभिन्न फसलों के पैदावार के लिए जानकारी दिया गया।गोष्ठी में सचिव अनुवां साधन सहकारी समिति अमन कुमार पांडेय, पूर्व प्रधान आशाराम पांडेय, राम प्रकाश पांडेय, राम अभिलाष पांडेय, अच्छे लाल पांडेय, कल्लू पांडेय, राम बहादुर रोजगार सेवक, रामसजीवन कन्नौजिया, सुनील कन्नौजिया, ढीले बनवासी पूर्व प्रधान, रमेश गौतम, फूलचंद्र, समर बहादुर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### ईंट की जांच कर तय होगा 150 साल पुरानी इमारत का भविष्य

**प्रयागराज।** नगर निगम में बीते 19 दिसंबर को ढही इमारत का भविष्य ईंट की जांच के बाद तय होगा। एमएनएनआईटी के तकनीकी जांच टीम ईंट और इसके बुनियाद की जांच करेगी। तकनीकी शिक्षण संस्थान की टीम ने मंगलवार को नगर निगम में जर्जर भवन का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के बाद टीम के सदस्यों ने ढही इमारत की ईंट के नमूने मांगे। इसके अलावा इमारत की बुनियाद में लगी ईंट की भी जांच की जाएगी। नगर निगम के मुख्य अभियंता सतीश कुमार ने बताया कि जांच टीम को आज नमूना भेजा जाएगा। ईंट की जांच के बाद टीम अगले सप्ताह अपनी रिपोर्ट देगी। नगर निगम परिसर में डेढ़ सौ साल पुरानी इमारत में लेखा विभाग की छत गिर गई थी। अवकाश के दिन छत गिरने से कोई हादसा नहीं हुआ। लेकिन इमारत के कई कार्यालय अन्य भवनों में भेज दिए गए हैं।

# एलटी ग्रेड शिक्षक भर्ती के लिए आयोग पर प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** एलटी ग्रेड शिक्षक भर्ती के लिए बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) में प्रतियोगी छात्रों ने प्रदर्शन किया। युवा मंच के बैनर तले बड़ी संख्या में जुटे छात्रों ने मांग की कि चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले एलटी ग्रेड शिक्षक भर्ती का विज्ञापन जारी किया जाएगा। प्रतियोगियों का कहना है कि पिछले सात वर्षों में सिर्फ एक बार एलटी ग्रेड शिक्षक भर्ती का आयोजन किया गया। विद्यालयों में शिक्षकों के हजारों पद रिक्त पड़े हैं। प्रतियोगी छात्रों ने मीडिया प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। प्रतियोगियों को बताया गया कि चयन प्रक्रिया एवं विज्ञापन जारी होने करने में आचार संहिता कोई बाधा नहीं है, क्योंकि इस बारे में शासन की ओर से निर्णय लेकर चयन प्रक्रिया शुरू करने के बाबत दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं और अब शासन को कोई नया आदेश जारी नहीं करना है।

विज्ञापन शीघ्र जारी करने की मांग पर अड़े हालांकि अभ्यर्थी एलटी ग्रेड शिक्षक भर्ती का विज्ञापन शीघ्र जारी करने की मांग पर अड़े रहे, ताकि आचार संहिता में विज्ञापन फंसने की आशंका ही खत्म हो जाए। अभ्यर्थियों ने



लोक सेवा आयोग पर प्रदर्शन करते प्रतियोगी छात्र

ज्ञापन में एलटी ग्रेड- शिक्षक भर्ती 2018 की प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को रिक्त पदों नियुक्ति देने की मांग भी की। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे युवा मंच अध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने मेरिट के आधार पर एलटी ग्रेड शिक्षक भर्ती शुरू की थी, जिसे रद्द कर 2018 में लिखित परीक्षा के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। इस तरह पिछले सात वर्षों में सिर्फ एक भर्ती संपन्न हुई है। ऐसे में राजकीय विद्यालयों में बड़ी संख्या में पद रिक्त पड़े हुए हैं। इसमें भी विज्ञान, गणित एवं कंप्यूटर के शिक्षकों की भारी कमी है। एलटी ग्रेड शिक्षक भर्ती-2018 के तहत कंप्यूटर में तो महज छह शिक्षकों की ही नियुक्ति हो पाई है। इस मौके पर शीतला प्रसाद ओझा, आलोक मिश्र, अनिल कुमार साहू, विपिन सिंह, मृत्युंजय तिवारी, राम सागर, सत्य प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### भगवान श्रीराम से अनुराग ही भक्तों के मोक्ष का सबसे सुगम मार्ग : आचार्य अवधेश जी

#### नौ दिवसीय राम कथा के पहले दिन भक्तों ने किया श्रवण



**सहसों।** रामलीला मैदान सहसों बाजार में नौ दिन चल रहे श्री राम कथा के प्रथम दिवस पर कथा व्यास आचार्य अवधेश जी महाराज ने भगवान श्री राम की कथा का रसपान कराते हुए कहा श्री राम से अनुराग ही भक्तों का मोक्ष का सुगम मार्ग है। श्री राम कथा का श्रवण सभी भक्त के लिए सुख समृद्धि एवं कष्ट से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा श्रीराम से अनुराग करने पर विभीषण को मोक्ष मिला तथा राम से विमुख होने पर रावण का समूल नाश हो गया। जबकि रावण के पास सारे जगत का वैभव, यश ,कीर्ति तथा बहुत बड़ी सेना व परिवार था। परंतु राम से अनुराग न होने से इस जगत से मिट गया। वहीं भगवान श्री राम के जन्म से लेकर जीवन पर्यंत संस्कारों की गाथा आज पूरा विश्व गा रहा है। इसलिए श्री राम कथा का श्रवण परिवार सहित करें जिससे परिवार तथा बच्चों में भगवान का संस्कार आए और वे पीढ़ी दर पीढ़ी इसका अनुसरण करते रहें। श्री राम कथा के समापन पर व्यासपीठ तथा भगवान की आरती उतारी गई। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष गंगा पार अनिरुद्ध सिंह पटेल, राजेंद्र केसरवानी, ग्राम प्रधान विष्णु केसरवानी, मनोज त्रिपाठी, शिव बाबू केसरवानी, डॉ अमित यादव, पूर्व ग्राम प्रधान राजधर द्विवेदी, चंद्र प्रकाश केसरवानी, प्रहलाद दास मोदनवाल,बबलू केसरवानी, पिंटू केसरवानी, उमेश केसरवानी, सक्षम मोदनवाल, फूल चंद्र साहू, सीताराम केशरवानी, महादेव सिंह, चिंतामणि शुक्ला, राजू तिवारी, रवि द्विवेदी सहित भारी संख्या में भक्त नर- नारियों ने कथा का श्रवण कर आनंदित हुए।

### बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ, कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**नैनी।** स्थित उघोग नगर प्रांगण में साक्षी पॉलीक्राफ्ट सेवा समिति एवं एन एस आई सी संस्थान द्वारा बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि हेमवती नंदन बहुगुणा डिग्री कॉलेज की प्राचार्या डॉक्टर सुनंदा चतुर्वेदी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि आर्य कन्या इंटर कॉलेज की प्राचार्या डॉः रमा सिंह ,प्फ्रेसर राजेंद्र सिंह यूनिवर्सिटी की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर महवेश अंजुम, डॉ प्रियंका सक्सेना आदि मौजूद रहीं। बच्चों ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया विचार गोष्ठी प्रतियोगिता में पूजा पाल को प्रथम ,सीतू मिश्रा को दूसरा स्थान एवं अंजलि को तृतीय पुरस्कार मिला। काजल एवं बबीता को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रदर्शनी प्रतियोगिता में रागिनी, अर्पिता, दीप्ति, पारुल एवं सौम्या को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रियंका एवं अंकिता व संयोजक प्रभाकर तिवारी ने अतिथियों का स्वागत सत्कार किया और बच्चों को पुरस्कृत भी किया।

### पूर्व मुख्यमंत्री की प्रयागराज में विजय रथ यात्रा स्थगित

**प्रयागराज।** कोरोना की तीसरी लहर का प्रकोप बढ़ने के बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की प्रयागराज में विजय रथ यात्रा निरस्त हो गई है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के विजय रथ की इस महीने के दूसरे सप्ताह में प्रयागराज आने की संभावना थी। सपा की स्थानीय इकाई विजय रथ यात्रा का शहरी रूट तय कर चुकी थी। पार्टी मुख्यालय से अखिलेश के विजय रथ यात्रा की तारीख आने का इंतजार हो रहा था। पार्टी सूत्रों ने बताया कि प्रदेश में बढ़ते संक्रमण को देखते हुए नौ जनवरी को अखिलेश का अयोध्या दौरा रद्द कर दिया गया। उसके बाद यहां भी अखिलेश के आगमन को लेकर चल रही तैयारी स्थगित कर दी गई।

# अतीक के बेटे समेत सात के खिलाफ वारंट जारी कराने की तैयारी में पुलिस

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अतीक अहमद के बेटे अली अहमद और उसके सात साथियों के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी कराया जाएगा। पुलिस की ओर से इसके लिए कोर्ट में अर्जी दे दी गई है। सभी आरोपी पांच करोड़ की रंगदारी न देने पर जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे हैं।

उधर वादी मुकदमा जीशान की ओर से अपनी जान को खतरा बताकर सुरक्षा की भी मांग की गई है।31 दिसंबर को करेली के ऐनुद्दीनपुर में हुई घटना से जिले में सनसनी फैल गई थी। यहां रहने वाले जीशान उर्फ जानू ने आरोप लगाया था कि अली अपने आठ नामजद व 15 अज्ञात साथियों संग उसके प्लॉट पर आया। फिर फोन पर अपने अब्बा से जबरन बात कराई। जिसमें कहा गया कि जमीन उसकी पत्नी के नाम कर दो या पांच करोड़ रुपये पहुंचा दो। मना करने पर उसे व उसके दो रिश्तेदारों को जमकर पीटा गया।पुलिस ने मौके से सैफ व फहद नाम के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से रिवॉल्वर बरामद कर ली थी। लेकिन छह दिन बीतने के बाद भी अन्य आरोपियों का पता नहीं हासिल कर पाई है।

चर्चा इस बात की भी है कि आरोपी कोर्ट में सरेंडर करने की तैयारी में हैं। ऐसे में उनके खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी कराने के लिए कोर्ट में अर्जी दे दी गई है। सीओ सत्येंद्र प्रसाद तिवारी ने बताया कि एनबीडब्ल्यू जारी होने के बाद भी आरोपी तय समय में हाजिर नहीं होते तो उनके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई के लिए कोर्ट से अनुमति मांगी जाएगी।



## महापौर ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु एलेक्ट्रोनिक मशीन का किया वितरण

**प्रयागराज।** गुरुवार को माननीया महापौर प्रयागराज अभिलाषा गुप्ता नन्दी जी द्वारा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को सच करने का एक कदम अग्रसर व महिलाओं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अपने निज निवास पर 62 महिलाओं को निःशुल्क इलेक्ट्रॉनिक सिलाई मशीन का वितरण किया और ईश्वर से उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष चौक दिनेश विश्वकर्मा, मण्डल अध्यक्ष कीडगंज मनोज मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष नैनी दिलीप केसरवानी एवं लाभार्थी आदि लोग उपस्थित रहे।

# विगत कई वर्षों से जमे जिला कमाण्डेण्ट होमगार्ड पर मनमानी का आरोप

अखंड भारत संदेश

**लेडियारी।** होमगार्ड विभाग जनपद प्रयागराज में विगत कई वर्षों से जमे जिला कमांडेन्ट पर गार्डों ने ड्यूटी निर्धारण में मनमानी का आरोप लगाया है। इतना ही नहीं सुविधा शुल्क के चक्कर में अपनों पर रहम और गैरों पर सितम ढाया जा रहा है जिससे तमाम गार्डों में पीड़ा के साथ आक्रोश भी देखा जा रहा है। आरोपों पर गौर करें तो यमुनापार के एक नहीं तीन विकास खण्डों का चार्ज लेने वाला बीओ राजेश तिवारी जिला कमांडेन्ट का चहेता है जो गार्डों से मासिक अवैध वसूली करने में मशहूर है। गार्डों की पीड़ाओं पर गौर करें तो हर माह अवैध वसूली करने के बाद बीओ राजेश तिवारी वसूली का हिस्सा जिला कमांडेन्ट तक पहुंचाता है। पीड़ित गार्डों ने बताया कि सुविधा शुल्क व सूची मिलने के बाद जिला कमांडेन्ट द्वारा अपनों पर रहम और गैरों पर सितम ढाया जाता है। सितम का जीता जागता उदाहरण शहर के चौराहों पर बीते कई माह से लगातार यातायात ड्यूटी करता 58 वर्षीय ग्रामीण गार्ड रेजीमेंटल नंबर 2960 बृजपाल मौर्य है। इतना ही नहीं कोरांव निवासी गार्ड धीरेन्द्र तिवारी रेजीमेंटल नंबर 2971 जो बीते वर्ष सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था उसे भी बृजपाल मौर्य के साथ सुविधा शुल्क के चक्कर में लगातार यातायात ड्यूटी में घसीटा जा रहा है। फिलहाल गार्डों के ड्यूटी निर्धारण में मनमानी का आलम कायम है जिसकी पारदर्शिता पूर्वक जांच होने पर फजीर्वाड़े का खेल आईने में साफ नजर आयेगा। मामले को लेकर पीड़ित गार्डों ने मंडल कमांडेन्ट सहित उत्तर प्रदेश सरकार से शिकायत कर दोषियों के खिलाफ जांच व कार्यवाही की मांग की है।

### सुविधा शुल्क के चक्कर में अपनों पर रहम गैरों पर ढाया जा रहा सितम

#### बिना रायफल ट्रेनिंग के बना दिया रायफल ट्रेण्ड

होमगार्ड विभाग में मनमानी का आलम न केवल ड्यूटी निर्धारण में देखने को मिल रहा है बल्कि विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यहां पर तो एक नहीं अनेकों गार्डों को बिना रायफल ट्रेनिंग के ही रायफल ट्रेण्ड बना दिया गया। इतना ही नहीं बिना यातायात नियमों का प्रशिक्षण दिए गार्डों से यातायात ड्यूटी करायी जा रही है। विगत कई वर्षों से एक ही जनपद में जमे जिला कमांडेन्ट के लिए ड्यूटी निर्धारण में रोस्टर की कोई बात नहीं , मनमानी के आलम में अपनों पर रहम और गैरों पर सितम ढाया जा रहा है।

# जसरा में व्यापार मंडल सम्मेलन का किया गया आयोजन



जसरा व्यापार मण्डल सम्मेलन में स्वागत मुख्य अतिथि का स्वागत करते

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** जसरा के केशरवानी वैश्य धर्मशाला में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के सम्मेलन का आयोजन किया गया । जिसमें जसरा व्यापार मंडल का पुनर्गठन ,निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर व गरीबों को कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष रमेश केसरवानी ने कहा कि व्यापारी आदिकाल से देश की अर्थव्यवस्था का रीढ़ रहा है तथा सरकारों को भी व्यापारियों के लिए अलग से आयोग का गठन कर व्यापारियों के विकास के लिए ठोस कदम उठाना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित उप जिलाधिकारी बारा सौम्या गुरुरानी ने सम्मेलन की शुरूआत दीप जलाकर किया। स्वास्थ्य शिविर में व्यापारियों ने स्वास्थ्य की जांच भी कराई। उप जिलाधिकारी ने सम्मेलन में आएगी निर्धन महिलाओं को कंबल वितरित किया तथा कहा कि व्यापारी समाज के एक सहयोगी के रूप में हमेशा खड़ा रहता है। यमुनापार प्रभारी चंद्रप्रकाश केसरी ने यमुनापार के व्यापारियों के योगदान की जानकारी दी। कहा कि सरकार द्वारा व्यापारियों को जो सुविधाएं मिलनी चाहिए वह नहीं मिल पा रही है। सम्मेलन में रामबाबू केशरवानी को पुनः जसरा व्यापार मंडल का अध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर रमेश चंद केसरवानी ने दीप चंद गुप्ता को युवा व्यापार संघ का जिला महामंत्री नियुक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शंकर लाल केशरवानी ने किया । इस अवसर पर प्रमोद कुमार डंडा,राजा केसरी, रमेश श्रीमाली, राजू केसरी, राजेंद्र सेठ, सुरेंद्र कुमार केसरवानी, शिवलाल भारतीय, रमेश केसरवानी साइकिल वाले, सुशील कुमार केसरवानी, राम, दीपचंद ,कन्हैया लाल यादव ,जयप्रकाश , राम जी दुबे, डॉ अरुण कुमार, संकल्प केसरवानी, सुनील केशरवानी आदि लोग उपस्थित रहे।

### आगाज महापर्व को सफल बनाने हेतु युद्ध स्तर पर हो रहा जनसंपर्क

**लेडियारी।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी एवं प्रयागराज महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी द्वारा कानपुर के रेलवे ग्राउंड निराला नगर में संपूर्ण प्रदेशभर के व्यापारियों को लेकर एक महासम्मेलन आगामी 8 जनवरी को किया जा रहा है' जिस महासम्मेलन को "आगाज एकता का महापर्व" नाम दिया गया है' जिसे सफल बनाने हेतु प्रदेश भर के सभी व्यापारी संगठनों ने लोगों से मिलकर जनसंपर्क के माध्यम से आम जनमानस से अपील किया कि सभी व्यापारी बंधु सपरिवार आगामी महापर्व में सम्मिलित होकर आगाज को सफल बनाएं । इसी क्रम में राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष ओंकार नाथ केसरवानी द्वारा खीरी बाजार,लेडियारी बाजार, लालतारा बाजार,पौसला बाजार, नारीबारी आदि जगह पर जाकर व्यापारियों से अनुरोध किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में कानपुर पहुंच कर व्यापारियों के महासम्मेलन में प्रतिभागी बने एवं होने वाले महापर्व में सफल बनाने हेतु अपना सहयोग प्रदान करें' प्रदेश का हर व्यापारी अपने को माननीय नंदी जी को अपना अगुआ मानता है और नंदी जी भी व्यापारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का कार्य करते हैं ' उक्त मौके पर मुख्य रूप से मनोज केसरी, विजय केसरवानी, विजय पाल, जगदीश केसरी, शेरू केसरी, गोलू, गणेश केसरी, राममणि केसरी, दिलीप केसरी, वीरेंद्र केसरी लवकुश शर्मा आदि सहित दर्जनों की संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

### विजली विभाग की लापरवाही से लालापुर क्षेत्र के सैकड़ों गांव अंधेरे में

**लालापुर।** क्षेत्र में सैकड़ों गांव का सप्लाई देने वाला पावर हाउस कर्मचारियों की लापरवाही से इस कदर क्षेत्र की जनता परेशान है मानो किसी ने पैर काट दिया जैसे काम कर रहा है। विजली विभाग के कर्मचारी सिर्फ अवैध तरीके से ट्युबेल चलवाना और महीनवारी लेके लोगों को मोटर चलवाना, और किसी को घरों में लाईट जलाना हो तो महीनवारी लेके लालापुर पावर हॉउस कर्मचारी कर रहे है लेकिन हल्की बारिश और हवा चलती है तो घण्टे दो घण्टे लाईट गुल हो तो आम बात है लेकिन लालापुर पावार हॉउस के कर्मचारी आराम और काम की जगह महीनवारी के काम के वसूली में ध्यान रहता है किसी उपभोक्ता की लाईट हल्की सी भी खराब होती है 100,200 की जगह 500 में काम किया जाता है नहीं तो उस उपभोक्ता का काम महीनों नहीं किया जाता है जिसकी शिकायत पावार हॉउस में शिकायत करें तो किससे करें सारे कर्मचारी की कार्यशैली पर सवालखड़े होते है. आखिर सरकार लालापुर कर्मचारियों को किस लिए न्यूक्ति की है? क्या जनता को परेशान करने के लिए की उपभोक्ता को चोरी करा के अपनी जेब गरम करने के लिए लगाए गए हैं।इस खेल में देखा जाये तो बड़े आधिकारी की भी कही न कही लापरवाही नजर आ रही है.जब किसी कर्मचारी से लाईट को लेकर उपभोक्ता फोन करता है तो सीधी तरह से बात नहीं करते है इस रवैया से लालापुर के सैकड़ों गांव की जनता परेशान और त्रस्त है जिसको लेकर अधिकारी से फोन के माध्यम से शिकायत किया जाता है तो किसी उपभोक्ता की शिकायत पर ध्यान नहीं देते है.बिजली विभागअधिकारी के इस कार्यशैली से उपभोक्ता सहित सैकड़ों गांव की जनता परेशान है। जिसका खामियाजा भाजपा के चुनाव में भी असर पड़ सकता है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत खजुरौल वि. ख. करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत खजुरौल विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 06–01–2022 से दिनांक 10–01–2022 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत खजुरौल में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 15–01–2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 15–01–2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्र प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | भारत के घर से मदन के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 3.80 लाख | 1 माह |
| 2. | इण्टरलाकिंग से लेकर देशराज के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 1.18 लाख | 1 माह |
| 3. | अभय राज के घर से विजय बहादुर के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 2.30 लाख | 1 माह |

संदीप कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत खजुरौल
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./टेण्डर/ कोटेशन/ 2021–22/ दिनांक

संजीव श्रीवास्तव
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत खजुरौल
वि0 ख0 करछना प्रयागराज




### बसहरा क्रिकेट मैच का उद्घाटन संपन्न

**लालापुर।** रविवार को बसहरा तरहार में स्टार क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख जसरा अजीत उर्फ पप्पू सिंह व विशिष्ट अतिथि समाजवादी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष बलवीर सिंह ने फीता काटकर किया।उद्घाटन मैच पूरे खगन व चैन पुरवा के बीच खेला गया।कार्यक्रम में उपस्थित ब्लाक प्रमुख जसरा ने कहा की खेल से शारीरिक व मानसिक विकाश की वृद्धि होती है।इस मौके पर मानस यादव,जयप्रकाश यादव, अतुल पटेल,बच्चा बाबा,सत्य प्रकाश, राजीव सिंह,नयन पटेल,रामबाबू यादव, अजीत यादव,रामकेश धुरिया, सोनू पटेल सहित दर्जनों लोग रहे।

# उरुवा ब्लाक के ग्राम पंचायतों में हुआ वैक्सीनेशन



टीकाकरण केन्द्र पर टीका लगवाते लोग

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** उरुवा ब्लॉक के जेवनिया व बकचुंदा गांव मे गुरुवार को दुसरे डोज का वैक्सीनेशन हुआ। बता दें कि जेवनिया गांव मे प्रधान रामसागर की अध्यक्षता मे कोविड-19 के दूसरे डोज का वैक्सीनेशन कराया गया। वैक्सीनेशन के समय वीडियो ब्रह्मा पाल सिंह, ग्राम विकास अधिकारी बलवंत कुमार, खंड प्रेरक अतुल कुमार पांडे, खंड प्रेरक अमितेश मिश्रा,मौजूद रहे वीडियो ब्रह्मपाल सिंह ने लोगों से अपील किया कि वैक्सीनेशन जरूर कराएं क्योंकि कोविड-19 की तीसरी लहर बड़ी तेजी के साथ बढ़ रहा है। जिसको देखते हुए सभी सावधानी बरतें।वहीं ग्राम सभा बकचुंदा मे ग्राम विकास अधिकारी भानु प्रसाद एवं ग्राम प्रधान रमेश कुमार यादव की अध्यक्षता में दुसरे डोज का में वैक्सीनेशन करवाया गया। ग्राम प्रधान ने लोगों से अपील किया कि भारी से भारी संख्या में पहुंचकर वैक्सीनेशन करवाएं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बताया कि ढाई सौ लोगों के वैक्सीनेशन का लक्ष्य रखते हुए वैक्सीनेशन किया गया। इस मौके पर रामनगर स्वास्थ्य विभाग की टीम मंजू पटेल ए एन एम, अनीता देवी आशा, कविता एनजीओ, सोनाली एनजीओ, मंजू पटेल उपस्थित रहे।

### टीकाकरण केन्द्र पर अनुपस्थित कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई

**फूलपुर।** देश में वृहद स्तर पर चल रहे कोविड टीकाकरण अभियान के तहत फूलपुर विकास खण्ड के विभिन्न गांवों में कैम्प लगाकर ग्रामीणों को वैक्सीन की डोज दी जा रही है। शासन की मंशानुरूप गांवों में हर ब्यक्ति को वैक्सीन की डोज देने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए स्वास्थ्य महकमा जी जान से लगा हुआ है। गुरुवार को फूलपुर विकास खण्ड के सिलोखरा,कोडापुर,मैलहन,हेमापुर,बौंड़ई तिसौरा, राजेपुर, मुबारकपुर सहित दर्जनों गांवों में कैम्प लगाकर कोविड टीकाकरण किया जाएगा। खण्ड विकास अधिकारी फूलपुर प्रवीणानन्द ने टीकाकरण केन्द्रों पर नियुक्ति कर्मचारियों को उपस्थित रहने के लिए कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन का कार्य अति महत्वपूर्ण व देशहित में है इसलिए सम्बन्धित सचिव, ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक व रोजगार सेवक टीकाकरण केन्द्रों पर उपस्थित रहकर अधिक से अधिक टीकाकरण करवाएं। टीकाकरण केन्द्रों पर अनुपस्थिति कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। वहीं सीएचसी अधीक्षक सुनील पाण्डेय ने भी अधिक से अधिक कोविड टीकाकरण करने के निर्देश दिए।

### एमडीएस विद्यापीठ कालेज में हुआ टीकाकरण का आयोजन

**जंघई।** एमडीएस विद्यापीठ कालेज चनेथू में 15 से 18 वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण किया गया।विद्यालय के प्रबंधक पंकज मिश्रा ने बताया कि प्रतापपुर ब्लॉक से उनके अनुरोध पर आई स्वास्थ्य टीम ने 80 बच्चों को कोरोना वैक्सीन का टीकाकरण किया जिसमें विद्यालय परिवार, बच्चों एवं अभिवावकों ने सहयोग प्रदान किया।

# न्यू एंजिल्स के बच्चों में दिखा उत्साह, 300 बच्चों का हुआ टीकाकरण

## स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा हुआ आयोजन



टीकाकरण के बाद प्रसन्न मुद्रा में न्यू एंजिल्स के छात्र-छात्राएं।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार गुरुवार को न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल के प्रांगण में जिला अस्पताल की स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा 15 से 18 वर्ष के आयु ग्रुप के बच्चों का टीकाकरण संपन्न हुआ।

दिन भर रिमझिम बरसात से बहुत सारे बच्चे स्कूल नहीं आ पाए फिर भी शिक्षकों तथा आयोजकों की सक्रियता से लगभग 300 बच्चों का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया गया। इस बारे में प्रबंधिका डा0 शाहिदा ने बताया कि पूर्वान्ह में साढे. दस बजे से बारह बजे तक हल्की धूप निकली थी जिसमें ज्यादातर बच्चे टीकाकरण के लिये आए। बच्चों में उत्साह था।

स्कूल के प्रधानाचार्य वीके सोनी और शिक्षक-शिक्षिकाएं बच्चों को क्रमवार टीकाकरण के लिये भेजने की व्यवस्था की थी। खराब मौसम के बावजूद भी छात्रों तथा अभिभावकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

उक्त टीकाकरण का लाभ लगभग 300 छात्र एवं छात्राओं को मिला। टीकाकरण सुबह लगभग 11 बजे से शुरू होकर अपराहन चार बजे तक चला। जिला अस्पताल की टीम ने तत्परता एवं तन्मयता से सभी छात्र एवं छात्राओं को टीका लगाया। इस अवसर पर प्रबंधिका डॉ शाहिदा, प्रधानाचार्य बी के सोनी, अध्यापक विवेक ओझा, आर के सिंह, ब्रजेश शर्मा, मधु मिश्रा, सुनिता पाल, आशीष के अतिरिक्त एंजिल्स परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## 133 बच्चों को लगाया गया टीका

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जनता इंटर कॉलेज गजरिया में 133 छात्र छात्राओं को कोरोनावायरस का टीका लगाया गया। गुरुवार को डाक्टर मोनू सोनकर अपनी स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ जनता इंटर कॉलेज गजरिया पहुंचे जहां साधना सरोज राधिका अंतिमा सहित विद्यालय के 133 छात्र छात्राओं को को वैक्सीन का टीका लगाया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार सिंह सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ मौजूद रहे। उधर पट्टी तहसील क्षेत्र के चरैया गांव में एक संस्थान के बैनरतले 6 जनवरी को अशोकपुर चरैया गांव में 15 से 18 वर्ष तक के किशोरों का सीएचसी पट्टी की तरफ से टीकाकरण कराया गया। इस दौरान 30 लोगो को कोरोना की वैक्सीन लगाई गई। वार्ड बॉय नागेंद्र और सीएचओ मधु पांडे सहयोगी रहे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संस्थापक अभिषेक शुक्ला, अंकित पांडे, रमापति पांडे, संरक्षक रत्नाकर पांडे, राष्ट्रीय प्रभारी विवेक राम तिवारी, बब्बू महाराज, पवन पांडे , मुकुंद पांडे, प्रवक्ता उत्तर प्रदेश राकेश तिवारी, प्रभारी उत्तर प्रदेश आशुतोष पाण्डेय, आकाश तिवारी मीडिया प्रभारी, आदि लोग मौजूद रहे।

# ग्राहक सेवा केंद्र से नहीं निकल रहा पैसा, खाता धारक परेशान

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** ग्रामीणों को अच्छी सुविधा के लिए प्रत्येक बाजारों, गांवों व कस्बों में ग्राहक सेवा केंद्र फ्रेंचाइजी की सेवाएं शुरू की गई थी कि आधार कार्ड से पैसा आसानी से निकाला जाए, लेकिन पांच दिनों से आधार कार्ड से अब यहां से रूपया नहीं निकल पा रहा है, जिसके चलते बैंकों में अधिक भीड़ देखी जा रही है। क्षेत्र के उड़ैयाडीह, गडौरी, सोनाही, गजरिया, सूडेमऊ, सहित कई जगहों उपभोक्ताओं को पैसा निकालने के लिए कोई परेशानी न हो, इसके लिए ग्राहक सेवा केंद्र खोला गया था, जिससे ग्रामीण महिलाओं, बुजुर्ग को आधार कार्ड से रूपया निकालने में मदद मिले। लेकिन पांच दिनों से इन केंद्रों पर आधार कार्ड से पैसा नहीं निकल पा रहा है। जिससे बैंकों में अधिक भीड़ देखी जा रही है। खाता धारक गीता मिश्रा, अनीता मिश्रा,चमेला देबी रजक, सुशीला शुक्ला, नारायण मिश्र,सतीश कुमार तिवारी गुड्डू शुक्ल,राजू सहित लोगों ने बताया कि पहले हम लोग केन्द्रो पर जाते थे और आसानी से आधार कार्ड से पैसा निकाल कर चले जाते थे। लेकिन अब इन फ्रेंचाइजी केंद्रों से आधार कार्ड से पैसा नहीं निकल पा रहा है। जिससे बैंकों में अधिक भीड़ होने पर कई घंटे लाइन में लगे रहते हैं।उड़ैयाडीह बड़ौदा ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक का कहना है कि आधार कार्ड से पैसा निकलने में दिक्कत हो रही है, इसके लिए उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है जल्द ही समस्या का समाधान हो जाएगा।

# नगर पालिका ने जोगापुर का नाम बदलकर किया चंद्रगुप्त मौर्य नगर

## कार्यक्रम में मथुरा के कलाकारों ने मचाया धमाल, मयूर नृत्य देख मंत्रमुग्ध हुए लोग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रयागराज-प्रतापगढ़ राजमार्ग पर स्थित जोगापुर का नाम अब चंद्रगुप्त मौर्य नगर हो गया है। इसकी घोषणा नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह ने जोगापुर में पन्ना मौर्य के मकान के सामने हाईमास्ट का मंत्रोच्चारण के बीच में उद्घाटन करते हुए कही।

इस अवसर पर मथुरा से आए कलाकारों ने मयूर नृत्य का आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसको देख लोग मंत्रमुग्ध हो गये। हजारों लोगों के बीच में विशिष्ट अतिथि के रुप में आए पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह ने कहा कि यह नगर पालिकाध्यक्षा के दृढ़इच्छा शक्ति का परिणाम है कि उन्होंने जैसे ही नगर पालिका परिषद बेल्हा के अध्यक्ष पद का भार संभाला, वैसी ही प्रथम बोर्ड बैठक में नगर क्षेत्र के विस्तार का प्रस्ताव बोर्ड से पारित करा लिया, जिसके परिणामस्वरुप आज आपका ग्राम नगर पालिका क्षेत्र में शामिल हो चुका है। उन्होंने



फोटो 2-हाईमास्ट का उद्घाटन करते पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह व नपा अध्यक्षा प्रेमलता सिंह।

कहा कि अब वह दिन दूर नहीं जब यहां के नागरिकों को नगर की भांति पेयजल, सड़क, विद्युत आदि की आधारभूत सुविधाएं प्राप्त होने लगेगी। इसके उपरान्त पालिकाध्यक्ष व पूर्व विधायक ने विकास भवन के सामने एक अन्य हाईमास्ट का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह, ट्रक आपरेटर्स यूनियन के जिलाध्यक्ष विजय सिंह, सभासदगण ज्ञानेश मिश्र, श्रीनाथ यादव, प्रदीप जायसवाल, आशुतोष सिंह, गायत्री शुक्ला, पूर्व सभासद कासिम बाबा आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रयागराज से रायबरेली तक होगा फोरलेन : विनोद सोनकर

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** प्रयागराज से रायबरेली तक की सड़क को फोरलेन बनाया जायेगा, जिससे यात्री कम समय मे अधिक दूरी तय कर सके। उक्त बातें सांसद कौशाम्बी विनोद सोनकर ने कही। बता दें कि गुरुवार को केन्द्रीय मंत्री नितिन गड़करी कौशाम्बी कार्यक्रम में आये थे, जहाँ पर कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर ने प्रयागराज से रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग को फोरलेन करने की मांग की। जिस पर केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी ने अपनी सहमति दी। सांसद विनोद सोनकर के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि काफी समय से क्षेत्रीय लोगों की मांग थी कि प्रयागराज से रायबरेली तक की सड़क को फोरलेन किया जाए। सांसद विनोद सोनकर ने इसके पूर्व भी पत्र लिखकर मांग किये थे। आज केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी द्वारा जल्द सड़क बनाने की सहमति दी गई। अब सड़क बनने के बाद लोगों को अधिक सुविधा मिलेगी।

# बेसहारा छात्रों, बच्चों को बांटा गया कम्बल

## जरूरतमंदों को ठंड से बचाने को बीबीएफजी ने पहल की

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** ठंड से जूझ रहे बेसहारा और जरूरतमंद छात्रों और बच्चों के बीच जाकर बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी ने कम्बल वितरण का कार्यक्रम शुरू किया है। गुरुवार को जगेसरगंज के हतसारा गांव में बेसहारा छात्रा ज्योति यादव और पढ़ाई कर रहे उसके भाई, बहनों गांव के अन्य बच्चों को कम्बल वितरित किया गया। गोबरी, बिहारगंज, चिलबिला में रास्ते में जो भी जरूरत मंद मिला उसको कम्बल दिया गया। जिसमें सौ से अधिक कम्बल बांटे गये।

कम्बल के लिए लोगों को परेशान न होना पड़े। बारिश की परवाह किये बगैर बीबीएफजी की टीम भीगते हुये हतसारा गांव में पहुंची। डॉक्टर अनुराग मिश्रा ने ज्योति, पवन, चन्दन, खुशी, करन समेत कई छात्रों और बच्चों को कम्बल देकर उनकी खुशियों को बढ़ाने का काम किया। बच्चों को ठंड में कैसे बचा जाय उन्होंने इसका तरीका बताया। उन्होंने



जरुरतमंदों को कम्बल वितरित करते डाक्टर अनुराग मिश्रा।

आगे भी इस तरह की मदद का भरोसा दिया है। फाउंडर और शिक्षक राजेश कुमार ने बताया कि साथी डॉक्टर अनुराग मिश्रा के सहयोग से कम्बल वितरण किया गया है। ग्रुप के साथी घूम घूम कर कम्बल वितरित करेंगें। गुरुवार को सौ से अधिक कम्बल का वितरण किया गया।

# जनपद के लाभार्थियों को एक करोड़ ऋण एवं टूलकिट का किया गया वितरण

## मुख्यमंत्री द्वारा आनलाइन स्वरोजगार संगम कार्यक्रम का किया गया शुभारम्भ।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा आनलाइन स्वरोजगार संगम कार्यक्रम का शुभारम्भ पूरे प्रदेश में किया गया जिसके अन्तर्गत विभिन्न ऋणपरक योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैण्डअप योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार एवं ओ0डी0ओ0पी0 वित्त पोषण योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को अपना उद्यम स्थापित करने हेतु ऋण वितरण व विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना एवं ओ0डी0ओ0पी0 प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना के अन्तर्गत टूलकिट का वितरण किया गया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एन0आई0सी0 के सभागार में उपस्थित अतिथियों एवं लाभार्थियों द्वारा देखा गया।



लाभार्थियों को टूल किट देते अधिकारी।

स्वरोजगार संगम कार्यक्रम में जनपद के लाभार्थियों को 1 करोड़ का ऋण वितरण किया गया जिसके अन्तर्गत स्टैण्डअप योजना में मकसूद अहमद को 70 लाख का ऋण व इलेक्ट्रानिक उद्योग के लिये, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजनान्तर्गत अमृत लाल वर्मा को 10 लाख का ऋण आंवला उत्पाद तैयार करने हेतु, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में अब्दुल कयूम खॉ को 10 लाख का ऋण रेडीमेड उद्योग व मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत आशीष यादव को 10 लाख का ऋण साइबर कैफे हेतु डेमो चेक के माध्यम से प्रदान किया गया। इसी के साथ ओ0डी0ओ0पी0 प्रशिक्षण व टूलकिट योजनान्तर्गत शाहिदा बेगम को आंवला उत्पाद तैयार करने हेतु टूलकिट व विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में हीरावती श्रीवास्तव को दर्जी टेज्ड की टूलकिट व प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। लाभार्थियों को ब्लाक प्रमुख शिवगढ़ सत्यम ओझा, उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चैरसिया, अग्रणी बैंक प्रबन्धक अमित बाजपेयी, सहायक प्रबन्धक हरि नारायण सिंह सहित विवेक द्विवेदी द्वारा डेमो चेक, टूलकिट व प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

# पीएम के काफिले में हुई चूक लोकतंत्र का अपमान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बुधवार को देश के प्रधानमंत्री को जिस तरह से 15 से 20 मिनट तक फ्लाई ओवर पर जाम में फसना पड़ा ,यह उनकी सुरक्षा में हुई भारी चूक दरसाता है। इस बात को लेकर भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री विन्ध्येश्वरी प्रसाद तिवारी उर्फ पिंटू तिवारी ने कड़े शब्दों में निंदा की और इसे विपक्ष की साजिश माना। श्री तिवारी ने बताया कि ये झूठे किसानों को बुलाकर भीड़ जमाकर प्रधानमंत्री पर हमले का प्रयास किया गया, ये लोकतंत्र पर हमला है, जिसका जवाब समय पर जनता देगी। इस दौरान प्रधानमंत्री के दीघार्यु की कामना के लिए देल्हूपुर स्थित शिव



पीएम के दीघार्यु के लिये पूजा अर्चना करते पिन्टू तिवारी।

मंदिर पर पूजा अर्चना भी किया गया जिसमें दर्जनों लोग शामिल हुए।

## सीमा सिंह परमार बनी स्वच्छ सर्वेक्षण की ब्रांड एंबेसडर

**अखंड भारत संदेश**



सीमा सिंह परमार

**प्रतापगढ़।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सार्वेक्षण 2022 के लिए जनपद प्रतापगढ़ के लिए ब्रांड एंबेसडर का चयन हुआ। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी मुदित सिंह द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के लिए ब्रांड एंबेसडर सीमा सिंह परमार का चयन किया गया है जो कि एक सामाजिक कार्यकर्ता है। ब्रांड एंबेसडर के चयन होने पर सीमा सिंह परमार द्वारा खुशी जाहिर की गई है और इसके लिए नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को धन्यवाद भी किया गया है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा ये भी कहा गया कि जो भी जिम्मेदारी मिली हुई है, उनका पूर्ण रूप से निर्वहन करुँगी। तथा साथ ही उन्होंने नगर वासियो से ये अपील भी की है कि आप सभी के सहयोग से हम पूरे प्रतापगढ़ को स्वच्छ और सुंदर प्रतापगढ़ बना सकते है। उन्होंने ये भी अपील की है कि लोग साफ सफाई पर विशेष ध्यान दे और कूड़ा बाहर न फेके साथ ही प्लास्टिक का उपयोग भी न करे, जो कि हमारे पर्यावरण को प्रदूषित करता है। स्वच्छ भारत मिशन के वरुण कुमार सिंह तथा आशीष मिश्रा ने सीमा सिंह परमार को ब्रांड एंबेसडर बनाये जाने पर खुशी जाहिर की है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक 211019 से प्रकाशित स्वामी श्री योगी सत्यम एवम योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इंटरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराजसे मुद्रित एवम क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूसी प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

## कैंडल मार्च कर फूंका पंजाब के मुख्यमंत्री का पुतला



पंजाब के मुख्यमंत्री का पुतला दहन करते युवा मोर्चा के पदाधिकारिगण।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बुधवार को पंजाब पुलिस की लापरवाही से हुई दुर्घटना जिसमे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी के काफिले को कुछ उपद्रवी प्रदर्शनकारियों द्वारा रोकने का प्रयास किया गया, इस निंदनीय कार्य के विरोध में युवा मोर्चा प्रतापगढ़ के द्वारा जिला अध्यक्ष अंशुमान सिंह जी के नेतृत्व सैकड़ो कार्यकर्ताओ के साथ गुरुवार को कम्पनी गार्डन से अम्बेडकर चौराहे तक कैंडल मार्च निकाला कर एवं पंजाब के मुख्यमंत्री का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शित किया गया।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष अंशुमान सिंह जी ने कहा कि पंजाब की कांग्रेस सरकार मोदी जी की रैली से इतना ज्यादा घबरा गई की इस हद तक नीचे गिर कर रैली को स्थगित कराने का कार्य की ये बहुत ही निंदनीय है। इस मौके पर भाजयुमो के सभी जिला नितीश श्रीवास्तव सुजीत पाण्डेय मनोज यादव सुभाष मिश्रा अविनाश सिंह राहुल मौर्य रोहित सिंह अंकित सिंह शैलेश मिश्रा प्रिंस पांडे अतुल शुक्ला विकल पांडे पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अज्ञात कारणों से लगी आग से मवेशी झुलसे

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बीती रात अज्ञात कारणों से छप्पर में आग लगने से दो मवेशी बुरी तरीके से झुलस गए। आग की लपटें देखकर आसपास के लोग दौड़े तो किसी तरह आग पर काबू पाए। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के भवशरनपुर गांव के रामेश्वर प्रसाद ने घर के समीप मवेशियों को रहने के लिए बगल में छप्पर बना रखा है। बुधवार की रात करीब ढाई बजे अज्ञात कारण से छप्पर में आग लग गई आग की लपटें देखकर और जोर से चिल्लाया तो आसपास के लोग भी दौड़े छप्पर में कुल पांच मवेशी बांधे गए थे जिसमें सभी को खोल कर बाहर निकाला गया लेकिन एक भैंस बुरी तरीके से झुलस गई जबकि उसका बच्चा भी बुरी तरह से जल गया।

# राहाटीकर में महिला के पाजिटिव होने से हडकम्प

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोरोना संक्रमण का प्रभाव ग्रामीण अंचलो मे भी शुरू हो उठा है। तहसील के राहाटीकर मे एक महिला के पाजिटिव पाये जाने की जानकारी होते ही हडकंप मच गया। बताया जाता है कि महिला इन दिनों अपने मायके आयी हुई है। बीमारी को लेकर जब उसका कोरोना परीक्षण हुआ तो गुरूवार को उसकी रिर्पोट पाजिटिव निकली। जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य टीम महिला के घर पहुंची और उसे होमआइसोलेशन करवाया।

# उप निरीक्षकों का एसपी ने किया तबादला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एसपी सतपाल अंतिल ने कानून व्यवस्था में सुधार लाने के लिए तीन थाना अध्यक्ष समेत डेढ़ दर्जन से अधिक उप निरीक्षकों का तबादला किया। अवन कुमार दीक्षित महेशगंज एसओ बनाए गए। सुनील कुमार तिवारी जेठवारा एसओ बनाये गए। रवीन्द्र तिवारी फतनपुर एसओ बनाये गए। उप निरीक्षक शिवपूजन यादव चैकी इंचार्ज अस्पताल, दौलत यादव चैकी इंचार्ज चिलबिला, शैलेंद्र तिवारी चैकी इंचार्ज मनगढ़, राहुल कुमार चैकी प्रभारी अस्थाई मंगरौरा, उप निरीक्षक सूर्य प्रताप सिंह चैकी इंचार्ज शकरदाह, उपनिरीक्षक प्रभात कुमार सिंह चैकी इंचार्ज सैफाबाद, उपनिरीक्षक पुरषोत्तम विश्वकर्मा चैकी इंचार्ज पृथ्वीगंज पट्टी समेत समेत 10 उपनिरीक्षको को विंभिन्न थानो में तबादला किया गया।

# केंद्रीय मंत्री ने जिले को 2659 करोड़ की परियोजनाओं की दी सौगात

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि मैं वचन देता हूं हम उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदल देंगे





दीप प्रज्वलित करते केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी साथ में मौजूद डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य चायल विधायक संजय गुप्ता जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी वा अन्य तथा कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** खराब मौसम के बाद भी चायल विधानसभा के सकाढ़ा मैदान में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का उड़न खटोला उतरा। उनके साथ डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या का भी आगमन हुआ। यहां पर सांसद विनोद सोनकर एवं चायल विधायक संजय कुमार गुप्ता सहित हजारो कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 2659 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण बटन दबाकर किया। अपने उद्बोधन में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि जिले के विकास के लिए केशव जी को ब्लैंक चेक दे रहा हूं, जितनी भी रकम डालना हो डाल लें। कौशांबी की तरफ से ही भगवान राम गए थे। ऐसे में अयोध्या की तर्ज पर राम वन गमन मार्ग का विस्तार होना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि यह भगवान गौतम बुद्ध की भी धरती है। भगवान गौतम बुद्ध ने सत्य, अहिंसा का पाठ पूरी दुनिया को पढ़ाया था। ऐसे में कौशांबी को भी बौद्ध सर्किट से जोड़ा जाएगा। उत्तर प्रदेश में 11000 करोड़ की लागत से 18 बाईपास बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने दो घोषणाएं और भी किया। जिसमें रायबरेली से प्रयागराज तक फोरलेन और दूसरी घोषणा में फाफामऊ में गंगा नदी पर ब्रिज बनाने की किया। यह ब्रिज हिंदुस्तान ही नहीं दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। इसके अलावा प्रयागराज शहर में यूपी का पहला डबल डेकर ब्रिज बनाने की घोषणा किया। उन्होंने यह भी कहा कि हमे जाति, धर्म, मजहब, छुआछूत एवं अस्पृश्यता से हटकर हिंदुस्तान को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनाना है। विधानसभा 2022 की चर्चा करते हुए कहा कि आप लोग हमारा साथ दीजियेगा। मैं वचन देता हूं हम उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदल देंगे।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि सिक्स लेन की सड़क बनाने का काम नितिन गडकरी ने किया था। लंका दहन के लिए जाने वाली सड़क को भी सिक्स लेन बनाने का काम किया जाएगा। गंगा एवं यमुना में सिक्स लेन पुल बनने से आर्थिक क्रांति आएगी। उन्होंने कहा कि यूपी में पहले 6 हजार किमी राष्ट्रीय राजमार्ग था। अब 12 हजार किमी है।

चायल विधायक संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि जिले के विकास के लिए आज के दिन बहुत ही अहम हो रहा है। क्योंकि आज जिले के विकास को नया आयाम मिल रहा है। आज श्रृंगवेरपुर धाम से होते हुए उरई गंगा घाट में सिक्स लेन का पुल एवं सड़क का निर्माण के लिए हरी झंडी मिल रही है। इसके अलावा रोही रेलवे लाइन के ऊपर, ससुर खदेरी नदी और यमुना नदी में भी सिक्स लेन पुल का निर्माण हो रहा है। ऐसा कौशांबी में पहली बार हो रहा है। क्योंकि केंद्र एवं प्रदेश में भाजपा की सरकार है। केंद्र में मोदी एवं प्रदेश में योगी जी के सहयोग से जिले का भी चौमुखी विकास हो रहा है।

# अझुवा बाजार राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनेगा फ्लाई ओवर : नितिन गड़करी

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने विभिन्न परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास

**अझुवा कौशाम्बी।** चायल तहसील के क्षेत्र के कोखराज थाना अन्तर्गत सकाढा मैदान पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने 2659 करोड़ रुपए की लागत वाली 6 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया है। नगर पंचायत अझुवा को मिली सौगात एक पिलर का बनेगा फ्लाई ओवर राष्ट्रीय राजमार्ग में सिक्स लेन का कार्यक्रम चल रहा है जिसमें नगर नगर पंचायत अझुवा होकर निर्माण कार्यक्रम चल रहा है नगर पंचायत अझुवा के व्यापारियों, लोगों की मांग पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने आश्वासन भी दिया था अझुवा राष्ट्रीय राजमार्ग में बसी बस्ती दुकानदारों को उजाड़ने नहीं दिया जाएगा उसी क्रम में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मंच से यह घोषणा की है नगर पंचायत अझुवा से होकर गुजरने वाला सिक्स लेन सड़क निर्माण में एक पिलर के सहारे ही फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा जिससे नीचे खोखला रहेगा लोगों को इस पार से उस पार जाने में आसानी होगी फ्लाईओवर के एक पिलर के निर्माण से राष्ट्रीय राजमार्ग अझुवा में बनी व्यापारिक संस्थानों दुकानों का कम से कम नुकसान होगा!।इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री एवं सांसद विनोद सोनकर जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर विधायक शीतला प्रसाद पटेल विधायक संजय गुप्ता विधायक लाल बहादुर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मराज मोर्या राहुल कुशवाहा शिव प्रताप मौर्य रामराज मौर्य सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं एवं हजारों आम जनमानस मौजूद रहा।

## धोखाधड़ी करने वाला साइबर शातिर रकम के साथ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर में पंजीकृत अज्ञात जिसके द्वारा वादी मुकदमा ज्ञानेन्द्र सिंह पुत्र स्व० चन्द्रिका प्रसाद निवासी ग्राम मेदुआ कनैली थाना सराय अकिल के एटीएम से धोखाधड़ी करके भिन्न-भिन्न एटीएम से 2 लाख 65 हजार रुपये निकाल लिया गया जिसके सफल अनावरण हेतु साइबर सेल को निर्देशित किया गया साइबर सेल के द्वारा कुशलता व सक्रियता से कार्य करते हुये उक्त मुकदमे से सम्बन्धित अभियुक्त प्रशान्त सिंह पुत्र उद्योश्याम निवासी ग्राम अम्बावा पूरब थाना मझनपुर प्रकाश में आया जिसकी गिरफ्तारी मुखबीर की सूचना व साइबर सेल के आधुनिक तकनीक के प्रयोग से समदा पेट्रोल पम्प के पहले थाना मंझनपुर से गिरफ्तार कर जिसके कब्जे से 2 लाख 65 हजार रुपए नकद धनराशि एक अदद मोटर साइकिल व 01 एटीएम बरामद कर बरामद रकम के बारे में कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि यह धनराशि ज्ञानेन्द्र सिंह का एटीएम कार्ड धाखे से ले लिया था तथा जिले के भिन्न-भिन्न बैंको के एटीएम बूथ से निकाल लिया।

# अल्पसंख्यक कमेटी के जिला अध्यक्ष बने कासिम हुसैन



कार्यक्रम में मौजूद अल्पसंख्यक नेता

**भरवारी कौशाम्बी।** अल्पसंख्यक कमेटी के जिलाध्यक्ष कासिम हुसैन बनाए गए हैं नगर पालिका भरवारी में गुलाम हुसैन पूर्व जिला महासचिव संभावित प्रत्याशी समाजवादी पार्टी चायल ने भरवारी कार्यालय में नगर अल्पसंख्यक कमेटी की बैठक की है और इस बैठक में जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा कासिम हुसैन के हाथों मनोनयन पत्र देकर उनका स्वागत किया इस मौके पर गुलाम हुसैन ने कहा कि कासिम हुसैन के मनोनयन से अल्पसंख्यक समाज मजबूत होगा। अल्पसंख्यक की बैठक में जिला सचिव आफताब अहमद भी मौजूद थे सलीम अहमद नगर अध्यक्ष सकलेन महासचिव इजरायल कोषाध्यक्ष मोहम्मद समीर उपाध्याय शहनवाज आश्वी उपाध्यक्ष एहसान अहमद सचिव मोहम्मद आमिर सचिव मोहम्मद हसनैन सचिव मुजस्सिम पांचवी सचिव मोहम्मद अयान वारसी सचिव तमाम साथी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# आयोजक शंकरलाल केसरवानी के मुंह पर व्यापारियों ने जड़ा जोरदार तमाचा!

अखंड भारत संदेश

**व्यापारी सम्मेलन का आयोजन**

**अपने ही सरकार के कानून व्यवस्था से उठा मंत्री का भरोसा व्यापारियों को स्वयं सुरक्षा करने को उन्होंने दिया सुझाव**

**चायल विधायक के मंच से उतरते ही मंत्री के बारे में भला बुरा कहते सभा स्थल से वापस लौट गए हजारो व्यापारी**

**कौशाम्बी।** मनौरी कस्बे में व्यापारियों के आयोजित सम्मेलन में 04 जनवरी को उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी मुख्य अतिथि के पद पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे थे कार्यक्रम में चायल विधायक संजय गुप्ता भी पहुंचे चायल विधायक के बढ़ते लोकप्रियता से बौखलाए कुछ लोगों ने पार्टी विरोधी कार्य करने का प्रयास किया है जिसका मुंह तोड़ जवाब चायल विधायक के सुरक्षा कर्मियों ने दिया। कार्यक्रम के आयोजक मनौरी निवासी शंकरलाल केसरवानी थे लेकिन विधायक संजय गुप्ता के मंच से उतरते ही व्यापारी सभा स्थल से चले गए जो कार्यक्रम आयोजक के मुंह पर एक जोरदार तमाचा था।

व्यापारियों के इस सम्मेलन में योगी सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते हुए ब्यापारियों को सुझाव दिया है कि वह अपनी सुरक्षा स्वयं करें असलहा लेकर चलें दुकानों पर असलहा रक्खे व्यापारियों के सम्मेलन में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी द्वारा अपनी भाजपा सरकार की जमकर छीछालेदर की गई है योगी सरकार की बेहतर कानून व्यवस्था से शायद उनका भरोषा उठ गया है कार्यक्रम के दौरान आधे कार्यक्रम में ही चायल विधायक संजय गुप्ता मंच छोड़ कर वापस लौट आए विधायक संजय गुप्ता के कार्यक्रम से वापस लौटते ही जनसभा में उपस्थित हजारों व्यापारी भी कार्यक्रम स्थल छोड़ कर मंत्री को भला बुरा कहते वापस लौट आए हैं खाली कुर्सियों के बीच भाजपा मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी कार्यक्रम में बोलते रहे कार्यक्रम आयोजको के कुछ साथियों के अलावा ब्यापारी सम्मेलन में कोई उनकी सुनने को तैयार नहीं था। नंदगोपाल गुप्ता नंदी के चल रहे भाषण के बीच जिस तरह से हजारो ब्यापारी सभा स्थल छोड़ कर चले जाने को मजबूर हुए है इससे यही प्रतीत होता है कि ब्यापारी समुदाय नंदगोपाल गुप्ता नंदी से बेहद नाराज है स्वजातीय बन्धुओ और ब्यापारियों के बीच मजबूत पकड़ का दावा करने वाले मंत्री की हवा ढीली पड़ती दिख रही है।

# गरीबो के हक पर कोटेदार डाल रहा है डाका!

## सरकार गरीबो के लिए आबंटित कर रही है मुफ्त में राशन कोटेदार गरीबो का राशन कर रहा है ब्लैक

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत कस्बा के एक कोटेदार की ब्लैक में राशन बेचने की आदत अभी भी जारी है ' जिसके चलते लोगो मे कोटेदार के प्रति जबरदस्त आक्रोश है 'मामला कस्बा के चर्चित ब्लैक मेलर कोटेदार मेहता रोड निवासी का है जिसके कार्यनामो की चर्चा जग जाहिर है यहाँ यह भी बताना अति आवश्यक है कि सरकार द्वारा गरीबो को मुफ्त में राशन देने का फरमान जारी हुआ है परंतु भरवारी का यह कोटेदार गरीबो के हक पर डाका डालने से बाज नही आ रहा है। जब भी ग्राहक कोटेदार के यहां अनाज लेने जाते है पहले तो उसको इतना दौड़ा दिया जाता है कि वह कार्डधारक परेशान हो जाता है उसके बाद जब राशन की बारी आती है तब उसको प्रति यूनिट एक किलो कम तोल कर देता है जिससे ग्राहक और कोटेदार के बीच बात विवाद अक्सर होता रहता है। यहा यह भी बताना आवश्यक है कि जब उक्त कोटेदार से पूछा जाता है कि आप लोगो को क्यों कम राशन दिया करते है तब उसका जवाब यह होता है कम नही देगे तो राशन लाने ले जाने में जो खर्चा होता है दूसरी बात अधिकारियों को भी देना पड़ता है सरकार मुफ्त में आपको राशन दे रही है परंतु हमे तो किराया भाड़ा से लेकर उच्च अधिकारियों को भी देना पड़ता है।

### इसके पहले भी इनका कोटा निरस्त हो गया था बाद में किसी के रहमो करम पर कोटा फिर से मिल गया

भरवारी कौशाम्बी यहा यह भी बताना जरूरी है कि उक्त कोटेदार स्वभाव से बहुत ही सरल सुलभ व मृदु भाषी है यह कही से नही लगता है कि इन्हें इतना गंदा कार्य करने में महारत हासिल है बैरहाल सभी कार्ड धारकों ने उक्त कोटेदार की जांच कर कोटा निरस्त कर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है इनके यहा कम से कम चार सौ कार्ड धारकों को राशन देने की व्यवस्था सरकार ने बनाई है लेकिन राशन की कालाबाजारी कर यह कोटेदार गरीबो के हक पर डाका डालते हुए ब्लैक करने का खुलेआम काम करता है।

# पत्रकारों के हित के लिए भारतीय पत्रकार संघ हमेशा संघर्षरत है : उमेश द्विवेदी

## उमेश द्विवेदी ने कहा कि पत्रकार निष्पक्षता ईमानदारी और सत्य के रास्ते पर चलते हुए निर्भीक निडर होकर बेबाक तरीके से अपनी लेखनी को चलाएं,भारतीय पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष बने सुबोध केसरवानी चायल तहसील अध्यक्ष गणेश साहू सिराथू तहसील अध्यक्ष विष्णु सोनी और महामंत्री बने अजीत कुशवाहा

अखंड भारत संदेश



भारतीय पत्रकार संघ के कार्यालय का उद्घाटन करते राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश द्विवेदी



पत्रकारों की बैठक के बाद बाहर निकलते राष्ट्रीय अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी

**कौशांबी।** भारतीय पत्रकार संघ की एक बैठक सिराथू तहसील के कशिया पश्चिम गांव के एक गेस्ट हाउस में संपन्न हुई है कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश द्विवेदी ने की है इस मौके पर संघ की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया है और कौशांबी जिला अध्यक्ष सुबोध केसरवानी बनाए गए हैं जिला महामंत्री के पद पर शशिभूषण उर्फ बब्बू पटेल चुने गए हैं चायल तहसील अध्यक्ष के पद पर गणेश साहू और सिराथू तहसील अध्यक्ष के पद पर विष्णु सोनी चुने गए हैं सिराथू तहसील महामंत्री के पद पर अजीत कुशवाहा चुने गए हैं अभी तक जिलाध्यक्ष रहे नारायण दत्त तिवारी को मंडल कमेटी में पदाधिकारी बनाया गया है कार्यक्रम के शुरूआत में भारतीय पत्रकार संघ सिराथू तहसील कशिया पश्चिम स्थित कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश द्विवेदी ने किया है कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित समस्त पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर जोरदार तरीके से स्वागत किया है।

इस मौके पर भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश द्विवेदी ने कहा कि पत्रकारों के हित के लिए भारतीय पत्रकार संघ हमेशा संघर्षरत है उन्होंने कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इस मौके पर उपस्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए उमेश द्विवेदी ने कहा कि पत्रकार निष्पक्षता ईमानदारी और सत्य के रास्ते पर चलते हुए निर्भीक निडर होकर बेबाक तरीके से अपनी लेखनी को चलाएं इस मौके पर राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष अरुण द्विवेदी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक बाजपेई राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री सुशील केसरवानी प्रदेश संयोजक कैलाश नाथ सिंह और प्रदेश मंत्री अतुल आनंद श्रीवास्तव के साथ पत्रकार राजू सक्सेना फैज अहमद गणेश साहू राजकुमार मंजीत कुमार बृजेन्द्र केशरवानी शशि भूषण सिंह उर्फ बब्बू पटेल अरविन्द मौर्य सुशील मिश्रा उर्फ बबलू अजीत कुशवाहा विष्णु सोनी आर पी यादव मो वैश अरविंद केशरवानी रामबाबू केशरवानी सुबोध केशरवानी राकेश केशरवानी मुन्ना लाल यादव उज्वल केशरवानी मदन केशरवानी नारायण दत्त तिवारी अनिल कुमार शिवकुमार उर्फ बुदुल राजेश पांडेय, धर्मेंद्र सिंह यादव,संदीप कुमार, मान चन्द्र मौर्य, ओमप्रकाश, प्रदीप कुमार ग्राम प्रधान नसीम सहित तमाम पत्रकार साथी और इलाके के गणमान्य लोग मौजूद रहे।



बूथ सेक्टर बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते सपा नेता

# बूथ सेक्टर पदाधिकारियों की बैठक संपन्न

अखंड भारत संदेश

**बरई बंधवा कौशाम्बी।** मंझनपुर विधानसभा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी के सेक्टर नंबर 8 के सभी बूथ सेक्टर के पदाधिकारियों की एक बैठक की गई कार्यक्रम में बोलते हुए खलीक अहमद उर्फ निक्के मिया ने कहा कि समाजवादी पार्टी ही आम जनमानस के उत्थान की बात सोचती है उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करते हुए आने वाले विधानसभा चुनाव में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित कराना है इस मौके पर उन्होंने बहुजन समाज पार्टी और भारतीय जनता पार्टी पर जमकर हमला बोला है उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में महंगाई अत्याचार अपराध से आम जनता त्रस्त है और आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देगी इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री खलीक अहमद उर्फ निक्के मियां जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी रामगुलाम यादव चुन्नीलाल सरोज सोहन लाल सरोज श्रीपाल अलका सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## अवैध तमंचा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना सैनी पुलिस बल द्वारा वाछित अभियुक्त अजय कुमार पुत्र विजय लाल गौतम निवासी ग्राम ननमई थाना कोखराज को 01 अदद तमचा 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मनमोहन उर्फ भुलई पुत्र बहोरी निवासी बारा तफारिक थाना मंझनपुर को 01 अदद तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## बांका के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कडाधाम पुलिस बल द्वारा अभियुक्त हृदेश कुमार सोनकर पुत्र इन्द्रलाल सोनकर निवासी ग्राम म्योहरा गढ़ी थाना कडाधाम को गिरफ्तार कर कब्जे से 01 अदद बाका बरामद होने पर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# ठेंगे पर है डीएम, सीएम व नोडल अफसर का आदेश

## आधे गांव को 18 घंटा आधे गांव को 8 घंटे विद्युत सप्लाई कर सरकार की छवि धूमिल कर रहे विद्युत अधिकारी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के विधुत अधिकारियों का भी कारनामा निराला है दलालों और छोट भइय्या नेताओं के दबाव में पक्षपातपूर्ण तरीके से विद्युत सप्लाई का रोस्टर बनाया जा रहा है विद्युत अधिकारियों के इन कारनामों से आम जनता के बीच योगी सरकार की छवि धूमिल हो रही है आम जनता योगी सरकार की ब्यवस्था से आक्रोशित हो रही है।

उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव का समय नजदीक आ चुका है और विद्युत विभाग के अधिकारियों के जन विरोधी कारनामों का खामियाजा योगी सरकार के विधायकों को भुगतना पड़ेगा लेकिन फिर भी भाजपा के विधायक और सांसदों ने आम जनता की समस्याओं के समाधान का प्रयास अभी तक नहीं किया है जिससे विद्युत विभाग के अधिकारी मनमानी कर आम जनता को भाजपा से दूरी बनाने में लगे हैं ताजा मामला मंझनपुर तहसील क्षेत्र के चक थाम्भा गांव के मजरा सेवकु पुर का है। गौरतलब है कि लंबे समय तक सेवकु पुर गांव के लोग अंधेरे में जीवन यापन कर रहे थे तमाम प्रयास के बाद गांव में विद्युतीकरण हुआ लेकिन गांव में दो फीडर से विद्युत सप्लाई दी गई है इस मामले में एक दलाल की भूमिका सवालों के घेरे में है एक फीडर से गांव में 8 घंटे विद्युत सप्लाई दी जाती है जबकि दूसरे फीडर से कुछ विशेष लोगों को 18 घंटे विद्युत सप्लाई दी जाती है गांव में विद्युत सप्लाई में पक्षपात के चलते ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है इस मामले को लेकर ग्रामीण अधिशासी अभियंता विद्युत से भी मिले उन्होंने भी केवल नाटक और ड्रामा करते हुए विद्युत सप्लाई को जोड़ने का निर्देश अधीनस्थों को दे दिया अधिशासी अभियंता के निर्देश के बावजूद विद्युत सप्लाई के रोटर के पक्षपात में सुधार नहीं हो सका नोडल अधिकारी ने भी 3 दिनों के भीतर गांव के विद्युत सप्लाई की व्यवस्था मैं सुधार करने का निर्देश अधिशासी अभियंता विद्युत को दिया था लेकिन 3 महीने का समय बीत गया है साक्षी अभियंता विद्युत के ठेंगे पर नोडल अधिकारी का निर्देश है अधिशासी अभियंता विद्युत मनमानी करना चाहते हैं उन्हें मंत्रियों और नोडल अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना करने में नहीं लग रहा है जिसका आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को भुगतना पड़ेगा।

## कोरोना के दृष्टिगत की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में लाकडाउन के दृष्टिगत सरकार द्वारा निर्गत निदेशों के अनुपालन के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निदेशानुसार जनपद स्तर पर विभिन्न थानों द्वारा अनावश्यक रूप से बाहर घूमने मास्क न लगाने एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिनमें 115 वाहनों का ई चालान किया गया।

## संपादक की कलम से

# भारतीय संसदीय प्रणाली का वर्तमान नकारा विपक्ष .....?

भारतीय संसदीय लोकतंत्र की विशेषता सत्तारूढ़ दल और विपक्षी दल की पारस्परिक जवाबदेही की प्रणाली और एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण विचार-विमर्श प्रक्रिया में प्रकट होती है।जो भारतीय संविधान में निहित है ।

संसदीय विपक्ष लोकतंत्र के वास्तविक सार के संरक्षण और लोगों की आकांक्षाओं व अपेक्षाओं के प्रकटीकरण में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। किंतु, वर्तमान में भारत का संसदीय विपक्ष न केवल खंडित है, बल्कि अव्यवस्थित या बेतरतीबी का शिकार भी नजर आता है। ऐसा प्रतीत होता है कि शायद ही हमारे पास कोई विपक्षी दल है, जिसके पास अपने संस्थागत कार्यकलाप के लिये या समग्र रूप से 'प्रतिपक्ष' के प्रतिनिधित्व के लिये कोई विजन या रणनीति हो।

इन नेताओं के विचार आज के युवाओं और युवतियों की आगे बढ़ने की महत्वाकांक्षा को संबोधित नहीं करते है; ना ही आने वाले समय की चुनौतियों से निपटने की इनके पास कोई योजना या दूरदृष्टि है। सिर्फ सत्ता के लिए राजनैतिक विरोध या भ्ष्टार्चार न कर पाने की कुंठा से ग्रस्त विपक्ष की तरह प्रतीत हो रहा है ।

वर्तमान भारतीय विपक्ष की तुलना में यदि वैश्विक चिंतन करें तो पाएंगे कि पिछले माह चिले (ष्टद्धद्बद्यद्ग) के चुनावों में एक ३५ वर्षीय युवा, गेब्रियल बोरिच, ने विजय प्राप्त की और वह चिले के अगले राष्ट्रपति होंगे। बोरिच ने आर्थिक असमानता घटाने, समृद्ध वर्ग पर कर का भार बढ़ाने, एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के प्लेटफार्म पर चुनाव लड़ा था। साथ ही, उन्होंने चिले के लिए एक नए संविधान का समर्थन किया था क्योकि उनके अनुसार पुराना संविधान एक तानाशाह के समय में ड्राफ्ट किया गया था जो आज के समय के लिए अनुपयुक्त है।

यही स्थिति फ्रांस के राष्ट्रपति एमानुएल माक्रों की थी जिन्होंने ३९ वर्ष की आयु में अपने चुनाव प्रचार में सभी फ्रेंच नागरिको को कठिन निर्णयों के लिए आगाह किया था। उन्होंने बताया था कि कठोर श्रम कानून के कारण युवाओ को जॉब नहीं मिल रहा था क्योकि कंपनियों को डर लगता है कि वे किसी भी कर्मचारी को नहीं निकाल पाएंगे भले ही कंपनी दिवालिया हो जाए। अतः उन्होंने कहा कि अगर वे चुनाव जीत गए तो वे नौकरी पे रखने और निकालने के नियम में ढील दे देंगे।

दूसरे शब्दों में, इन नेताओं ने अपने मतदाताओं को एक व्यस्क नागरिक के रूप में ट्रीट किया; किसी भी फ्री की सेवा (जैसे कि बिजली-पानी इत्यादि) का वाद नहीं किया; आने वाले समय की चुनौतियों का वर्णन किया और उनसे निपटने के लिए अपने विचार प्रस्तुत किये।

इसके विपरीत भारत में प्रतिपक्ष के तथाकथित "युवा" नेता घिसे-पिटे विचारो को लेकर चुनाव मैदान में है। फ्री की बिजली-पानी का वादा कर रहे है। साम्प्रदायिकता से निपटने के बारे में नारे दे रहे है; लेकिन यह नहीं बतलाते कि किसी कुत्सित विचारधारा के आधार पर भारत पर आतंकी हमला करने वालो से कैसे निपटेंगे? हमारे "युवा" नेता सिर्फ और सिर्फ जातिवाद और फ्री के बिजली-पानी की बात कर रहे हैं। उनका पूरा प्लेटफार्म ही इस बात का है कैसे "उनकी" जाति वालो को आरक्षण मिल सके, कैसे सेकुलरिज्म के स्लोगन पे भारत के बहुसंख्यक समाज का मजाक उड़ा सके, कैसे किसी एक समुदाय की तुष्टि कर सके। कैसे फ्री के नाम पर वोट खींचे जा सके?

# कोरोना महामारी ने हमें अपनी जड़ों की ओर लौटने की बड़ी सीख दी है

-प्रह्लाद सबनानी-

आज पूरा विश्व ही आश्चर्यचकित है कि भारत ने कोरोना महामारी की प्रथम एवं द्वितीय लहर का, विकसित एवं अन्य कई देशों की तुलना में, इतना सफल तरीके से सामना कैसे किया है। विश्व के कई देश तो आज कोरोना महामारी की तीसरी एवं चौथी लहर से जूझते नजर आ रहे हैं, परंतु भारत में अभी तक तो कोरोना महामारी नियंत्रण में दिखाई दे रही है एवं इसकी तीसरी लहर की सम्भावना अब कम ही नजर आ रही है। हां, अब आगे देखने की बात है कि ओमीक्रॉन का प्रभाव भारत पर किस प्रकार पड़ता है। कोरोना महामारी ने फरवरी २०२० के बाद जब भारत में अपने पांव पसारना शुरू किए थे तभी से यह देखने में आया था कि हिन्दू सनातनी परम्पराओं को अपना कर कोरोना महामारी के विपरीत प्रभाव को कम किया जा सकता है। कोरोना महामारी ने पूरे विश्व के लगभग सभी देशों को प्रभावित किया। कहीं-कहीं तो इस महामारी का प्रभाव इतना बलशाली रहा कि उस देश की जनसंख्या का बहुत बड़ा भाग इस बीमारी की चपेट में आकर संक्रमित हो गया। लगभग सभी देशों की अर्थव्यवस्थाएं तो चौपट हो ही गईं। भारत ने भी इस संदर्भ में कई चुनौतियों का सामना बहुत ही हिम्मत के साथ किया। हमारे देश में समाज के कई वर्गों पर कोरोना महामारी का व्यापक असर देखने में आया। जैसे कोरोना से संक्रमित परिवारों पर, स्वास्थ्य क्षेत्र में काम करने वाले परिवारों पर, मध्यमवर्गीय एवं गरीब परिवारों पर, छोटे कारोबारियों पर एवं आर्थिक गतिविधियों पर अलग-अलग प्रकार का दबाव देखने में आया। परंतु देश में उक्त वर्णित वर्गों पर आई इन चुनौतियों का समाधान निकालने के प्रयास केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, धार्मिक संस्थाओं, सामाजिक संस्थाओं एवं सांस्कृतिक संस्थाओं द्वारा मिलकर किए गए। पूरा देश ही जैसे एक परिवार की तरह एक दूसरे की सहायता में तत्पर हो गया। कोरोना महामारी के कारण समाज के विभिन्न वर्गों पर आये दबाव को सभी वर्गों ने मिलकर कम करने में सफलता पाई।



विशेष रूप से कोरोना महामारी के दूसरे दौर के वक्त जब भारी संख्या में देश के नागरिक इस महामारी से ग्रसित हो रहे थे एवं उनकी देखभाल के लिए उनके अपने परिवार के लोग चाह कर भी उपलब्ध नहीं हो पा रहे थे क्योंकि संक्रमित मरीजों को अलग रखना जरूरी था। ऐसे माहौल में देश के नागरिकों में डर एवं अवसाद की भावना पैदा हो रही थी। कई परिवारों में तो माता-पिता दोनों का देहांत हो जाने के बाद जब बच्चे अनाथ हो गए एवं इनके देखभाल की समस्या पैदा हो गई एवं कई मध्यमवर्गीय परिवारों ने अपनी बीमारी का इलाज कर्जा लेकर कराया, ऐसे में वे परिवार भारी ऋण के बोझ के तले दब गए। ऐसे समय में देश के धर्मगुरुओं से लेकर सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में काम कर रहे महानुभावों ने समाज में आए उक्त दबाव को कम करने का भरपूर प्रयास किया। उन्होंने प्रभावित परिवारों से व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क किया, उन्हें ढाढस बन्धाया एवं उनके मन में सकारात्मक विचारों का संचार किया। देश पर आए इस संकट के समय लगभग पूरा समाज ही एक दूसरे के साथ हिम्मत के साथ खड़ा रहा। कई लोगों ने तो रचनात्मक कार्यों को करते हुए अपने आप को व्यस्त रखने का प्रयास किया। कोई भी भूखा ना रहे कोई भी बगैर इलाज के ना रहे, इसके लिए प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से इन लोगों ने अपने आप को सेवा के कार्यों से जोड़ लिया। यह सब केवल भारत में ही सम्भव है क्योंकि हिन्दू सनातनी परम्पराओं में च्वसुधैव कुटुंबकमज्ज के सिद्धांत पर विश्वास किया जाता है। कोरोना महामारी के फैलने के बाद पूरे विश्व को ही ध्यान में आया कि भारतीय योग, ध्यान, शारीरिक व्यायाम, शुद्ध सात्विक आहार एवं उचित आयुर्वेदिक उपचार के साथ इस बीमारी से बचा जा सकता है। भारतीय विचार परंपरा में प्रकृति को भी भगवान का दर्जा दिया गया है। हम तो च्क्षिति जल पावक गगन समीराज को मानने वाले लोग हैं। हमारी परंपरा में नदी, पर्वत और जल को पूजे जाने की परंपरा रही है। भारत में आज भी परम्परा अनुसार किसी भी शुभ अवसर पर प्रकृति को भी याद किया जाता है। इसके साथ ही, भारतीय ज्ञान परंपरा में जिन औषधियों की चर्चा मिलती है, आज वो अचानक बेहद महत्वपूर्ण हो गई हैं। आज पूरी दुनिया में भारतीय खान-पान की आदतों को लेकर विमर्श हो रहा है। भारत में तो हर मौसम के हिसाब से भोजन तय है। मौसम तो छोड़िए, सूर्यास्त और सूर्योदय के बाद या पहले क्या खाना और क्या नहीं खाना है, ये भी बताया गया है। पश्चिमी जीवन शैली के भोजन या भोजन पद्धति से इम्यूनिटी नहीं बढ़ने की बात आज समझ में आ रही है। आज भारतीय पद्धति से भोजन यानि ताजा खाने की वकालत की जा रही है, फ्रिज में रखे तीन दिन पुराने खाने को हानिकारक बताया जा रहा है। कोरोना काल के दौरान पूरी दुनिया ने भारतीय योग विद्या को आशा भरी नजरों से देखा है। आज श्वसन प्रणाली को ठीक रखने, जीवन शैली को संतुलित रखने की बात हो रही है। भारत में तो इन चीजों की एक सुदीर्घ परंपरा रही है।

इस प्रकार अब ऐसा लगाने लगा है कि हमें अपनी भारतीय परम्पराओं की जड़ों की ओर लौटने का समय आ गया है। जैसे संयुक्त परिवारों की वापस व्यवस्था हो। संयुक्त परिवारों में पड़ौसियों को भी महत्व देना प्रारम्भ करना चाहिए ताकि किसी भी प्रकार की समस्या आने पर पूरे मौहल्ले में रहने वाले परिवार मिलकर उस समस्या का समाधान निकाल सकें। मानसिक स्वास्थ्य भी इससे ठीक रहेगा। आज यदि हम ध्यान से देखें तो समझ में आता है कि वैश्विक स्तर पर कोरोना महामारी के प्रभाव को कम करने के लिए किए जा रहे प्रयासों में हमारी भारतीय परम्पराओं की झलक स्पष्ट तौर पर दिखाई दी थी। जैसे मास्क पहनना (अहिंसा), अपने आस-पास स्वच्छता का वातावरण बनाए रखना (पवित्रता), शारीरिक दूरी बनाए रखना (भारत में व्याप्त हाथ जोड़कर अभिवादन करने की पद्धति को तो आज पूरे विश्व ने ही अपना लिया है), निजी तथा सार्वजनिक कार्यक्रमों में संख्या की सीमा का पालन करना (मर्यादित उपभोग), कर्फ़्यू पालन जैसे नियम (अनुशासन) एवं आयुर्वेदिक काढ़ा सेवन, भाप लेना (भारतीय चिकित्सा पद्धति की ओर भी आज पूरा विश्व आशा भारी नजरों से देख रहा है), योग क्रिया करना (भारतीय योग को भी आज पूरा विश्व अपनाता दिख रहा है), टीकाकरण जैसे स्वास्थ्य के विषयों के बारे में व्यापक जनजागरण करना आदि का वर्णन तो सनातनी परम्परा एवं धर्म ग्रंथों, वेदों, पुराणों में भी दृष्टिगोचर होता है।

भारतीय जनमानस को हिन्दू सनातनी परम्पराओं के प्रति जागृत करने के उद्देश्य से देश में कई धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन विशेष प्रयास कर रहे हैं। उदाहरण के तौर पर यहां राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का नाम लिया जा सकता है जो पिछले ९६ वर्षों से देश के नागरिकों में देशप्रेम की भावना का संचार करने का लगातार प्रयास कर रहा है। वर्ष १९२५ में विजयादशमी के दिन संघ के कार्य की शुरूआत ही इस कल्पना के साथ हुई थी कि देश के नागरिक स्वाभिमानी, संस्कारित, चरित्रवान, शक्तिसंपन्न, विशुद्ध देशभक्ति से ओत-प्रोत और व्यक्तिगत अहंकार से मुक्त बने। आज संघ, एक विराट रूप धारण करते हुए, विश्व में सबसे बड़ा स्वयं सेवी संगठन बन गया है। संघ के शून्य से इस स्तर तक पहुंचने के पीछे इसके द्वारा अपनाई गई विशेषताएं यथा परिवार परंपरा, कर्तव्य पालन, त्याग, सभी के कल्याण विकास की कामना व सामूहिक पहचान आदि विशेष रूप से जिम्मेदार हैं। संघ के स्वयंसेवकों के स्वभाव में परिवार के हित में अपने हित का सहज त्याग तथा परिवार के लिये अधिकाधिक देने का स्वभाव व परस्पर आत्मीयता और आपस में विश्वास की भावना आदि मुख्य आधार रहता है।

# कालेजों में यौन उत्पीड़न

-डा. वरिंदर भाटिया-

देश की राजधानी में स्थित नामचीन यूनिवर्सिटी जेएनयू की आंतरिक शिकायत समिति ने यौन उत्पीड? पर काउंसिलिंग सत्र के आयोजन पर एक सर्कुलर जारी किया है जिसमें कहा गया है कि यौन उत्पीड? से बचने के लिए महिलाओं को जानना चाहिए कि पुरुष दोस्तों के साथ कैसे दायरा बनाना है। छात्राओं के साथ राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी इसे महिला-विरोधी बताते हुए वापस लेने की मांग की है। यह सर्कुलर विवादों का हिस्सा बन रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार इस सर्कुलर में कहा गया है कि यौन उत्पीड? के मामले में महिलाओं को खुद ही अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। इसमें कहा गया कि महिलाओं को यह पता होना चाहिए कि इस तरह के उत्पीड? से बचने के लिए उन्हें अपने पुरुष दोस्तों के बीच वास्तविक रेखा कैसे खींचनी है? सर्कुलर में कहा गया, च्आईसीसी के समक्ष ऐसे कई मामले आए हैं, जहां करीबी दोस्तों के बीच यौन उत्पीड? हुआ हैज इसमें कहा गया है कि जुड़े पक्ष आमतौर पर जाने-अनजाने दोस्ती और यौन उत्पीड? के बीच की महीन रेखा को लांघ देते हैं। इस सर्कुलर ने हमारा ध्यान एक बार फिर कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में न रिपोर्ट होने वाले यौन शोषण और उत्पीड? पर दिलाया है। हमें याद है कि मीटू आंदोलन के दौरान शिक्षा क्षेत्र में होने वाले लैंगिक शोषण के कई मुद्दे सामने आए थे। राजधानी में रेखा (बदला हुआ नाम) नामक एक छात्रा ने तो एक पूरी लिस्ट सार्वजनिक की थी जिसमें कैंपस से जुड़े उन लोगों का नाम था जिन्होंने कथित तौर पर छात्राओं के साथ गलत व्यवहार किया था।

विश्वविद्यालय या फिर कॉलेज परिसर में किसी भी उम्र की कोई भी महिला (छात्रा, शिक्षण और गैर शिक्षण कर्मचारी) यौन उत्पीड? की शिकायत दर्ज करा सकती है। कार्यस्थलों के अलावा विश्वविद्यालयों को भी यौन उत्पीड? को रोकने के लिए भी काम करना होगा। विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके यौन उत्पीड? नियमों को, भारतीय कानून के यौन उत्पीड? नियमों को अनुकूल बनाएं। यौन उत्पीड? की शिकायतों को गंभीरता से लें। दोषी को कठोरता से दंडित करें और यह सुनिश्चित करें कि वे कानूनन जरूरी कार्यवाहियों का पालन करें। कर्मचारी और छात्राओं में यह जानकारी सुनिश्चित करें, कि यौन उत्पीड? का शिकार होने की स्थिति में उन्हें क्या करना है और किसको शिकायत करनी है। सुनिश्चित करें कि परिसर अच्छी तरह से प्रशासित है, सुरक्षित और भय-रहित है। एक आंतरिक शिकायत समिति की स्थापना, प्रशिक्षण और रखरखाव करना मामलों के विवरण के साथ, वार्षिक वस्तुस्थिति (स्टेटस) रिपोर्ट तैयार करना और अर्धवार्षिक समीक्षा करना कि यौन उत्पीड? की नीतियां किस हद तक ठीक काम कर रही हैं। राज्य सरकारें इससे जुड़े नियमों की पालना में शिथिलता न दिखाएं। पुष्ट रिपोर्टों के अनुसार विदेशी विश्वविद्यालयों में भी यौन हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन उनसे निपटने का कोई ठोस ढांचा नहीं है। कैंपसों में हिंसा के खिलाफ आई शिकायतों पर दबे छुपे कार्रवाई करना, उच्च शिक्षण संस्थानों के रवैये की पोल खोलता है। ब्रिटेन के सौ विश्वविद्यालयों में हाल ही में हुए दो ऑनलाइन सर्वे में पुरुष छात्रों ने पिछले दो साल के दौरान बलात्कार, उत्पीड़न या किसी अन्य यौन अपराध में लिप्त होने की बात स्वीकार की।

पांच सौ चौवन छात्रों पर किए गए सर्वे में ६३ ने महिलाओं के प्रति दकियानूसी सोच जाहिर करते हुए माना था कि उन्होंने कभी न कभी यौन हिंसा की है। ब्रिटेन स्थित ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय का नाम दुनिया के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के रूप में होता है, लेकिन एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यहां छात्राओं का यौन उत्पीड? सबसे ज्यादा होता है। समाचार पत्र च्द गार्जियनज्ञ ने ऑक्सफोर्ड सहित ब्रिटेन के १२० विश्वविद्यालयों से सूचना की स्वतंत्रता के तहत जानकारी मांगी थी। जवाब में पाया कि विद्यार्थियों ने शैक्षणिक सत्र २०११-१२ से २०१६-१७ के दौरान कर्मचारियों के खिलाफ यौन उत्पीड?, लैंगिक आधार पर दुर्व्यवहार और हिंसा के करीब १६९ आरोप लगाए। जबकि इसी तरह के १२७ आरोप साथी कर्मचारियों के खिलाफ भी लगाए गए। सैकड़ों पीड़ितों ने कहा कि रोजाना उन्हें आधिकारिक तौर पर शिकायत नहीं करने के लिए रोका जा रहा है। उन्हें अपनी शिकायत वापस लेने या मामले को अनौपचारिक रूप से रफा-दफा करने के लिए भी कहा जा रहा है। कई विद्यार्थियों ने बताया कि शिक्षा या करियर पर पड? वाले असर के डर से अधिकतर शिकायतें की ही नहीं जातीं। इससे पता चलता है कि असल स्थिति खुलासे से कहीं ज्यादा भयावह है। उच्च शिक्षा में यौन उत्पीड? का मामला विषमता से भरा है। यौन हिंसा की घटनाएं आम हैं, लेकिन इस पर आंकड़े जुटाना इतना आसान नहीं है। उदाहरण के लिए ब्रिटेन में बड़ी संख्या में भारतीय और चीनी छात्र-छात्राएं पढ़ने आते हैं, लेकिन वे यौन हिंसा पर खुलकर बात करने से कतराते हैं। इसकी तह में सांस्कृतिक वजहें तो हैं ही, विश्वविद्यालय के रवैये और छात्रों के अकादमिक भविष्य पर उसके असर का डर भी उन्हें कुछ बोलने से रोकता है।

# विडम्बना: भीड़ से जुड़े हादसों में मारे जा चुके हैं हजारों लोग

-योगेश कुमार गोयल-

नए साल के अवसर पर माता वैष्णो देवी मंदिर में दर्शन के लिए जुटी भारी भीड़ में भगदड़ मचने के कारण गत दिनों करीब १२ लोगों की मौत ने प्रत्येक देशवासी को बुरी तरह झकझोर दिया।

हालांकि किसी प्रसिद्ध धर्मस्थल पर एकत्रित हुई भीड़ में भगदड़ के कारण हुआ यह कोई पहला हादसा नहीं है बल्कि बीते तीन दशकों में देश ऐसे कई बड़े हादसों को झेल चुका है लेकिन विडम्बना है कि ऐसे हादसों से कोई सबक नहीं लिए जाते और बार-बार ऐसे हृदयविदारक हादसों की वजह से अनेक हंसते-खेलते परिवार उजड़ जाते हैं।

अगर पिछले ढाई दशकों के दौरान हुए ऐसे ही कुछ प्रमुख हादसों पर नजर दौड़ाएं तो वर्ष २०१६ में वाराणसी के राजघाट पर भगदड़ मचने से १९ लोगों की मौत हो गई थी और करीब ७० लोग घायल हुए थे। हादसे के समय लोगों की भारी भीड़ पुल से गुजर रही थी कि तभी किसी ने पुल टूटने की अफवाह फैला दी थी, जिससे भगदड़ मच गई थी। १० अगस्त २०१५ को झारखंड के देवघर स्थित बैद्यनाथ मंदिर में अचानक मची भगदड़ में ११ लोगों की मौत हो गई थी और ५० से ज्यादा घायल हुए थे। १३ अक्तूबर २०१३ को मध्य प्रदेश के रतनगढ़ मंदिर के पुल पर मची भगदड़ में ११५ लोगों की जान चली गई थी और १०० से ज्यादा घायल हुए थे। २०१३ में इलाहाबाद के संगम में कुंभ मेले में पवित्र स्नान के लिए आए ३६ लोगों की जान चली गई थी और कई दर्जन लोग घायल हुए थे।

१९ नवम्बर २०१२ को छठ पूजा के अवसर पर पटना में अदालतगंज क्षेत्र के एक घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ इकट्ठा थी और वहां अचानक भगदड़ मचने से करीब २० लोगों की मौत हो गई थी तथा बड़ी संख्या में लोग घायल हुए थे। १४ जनवरी २०११ को केरल में सबरीमाला मंदिर में भगदड़ में १०६ श्रद्धालुओं की मौत हुई थी तथा सैंकड़ों घायल हुए थे। ४ मार्च २०१० को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ के राम-जानकी मंदिर में कृपालु महाराज की पत्नी की पुण्यतिथि के अवसर पर लोगों को कपड़े और खाना वितरित करने का कार्यक्रम था। उस दौरान मंदिर परिसर में करीब १० हजार लोग जमा थे।

अचानक भगदड़ मची और उस हादसे में ६३ लोगों ने अपनी जान गंवा दी तथा सैंकड़ों घायल हुए। ३० सितम्बर २००८ को जोधपुर के चामुंडा देवी मंदिर में नवरात्रि के दौरान भक्तों की भीड़ उमड़ी थी और तब भगदड़ मचने के कारण १२० लोगों की जान चली गई थी तथा करीब २०० लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

३ अगस्त २००६ को हिमाचल प्रदेश के माता नैना देवी मंदिर परिसर में हुए ऐसे ही हादसे में १६० लोगों की जान चली गई थी और करीब ४०० लोग घायल हुए थे। २५ जनवरी २००५ को महाराष्ट्र के सतारा जिले के मंधार देवी मंदिर में नारियल फोड़ने से सीढ़ियों पर हुई फिसलन के कारण मची भगदड़ के चलते २९१ लोग मारे गए थे। २७ अगस्त २००३ को नासिक में कुंभ स्नान के लिए आए ४० लोगों की भगदड़ के कारण जान चली गई थी और करीब १२५ श्रद्धालु घायल हुए थे।

हरिद्वार में सोमवती अमावस्या के अवसर पर १५ अगस्त १९९६ को हर की पौड़ी पर करीब २० हजार श्रद्धालु एकत्रित हो गए थे और तब ३० श्रद्धालुओं की मौत हुई थी। उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में भगदड़ के कारण १५ जुलाई १९९६ को ३५ लोग काल का ग्रास बन गए थे।

इन हादसों में से बहुत सारे हादसे ऐसे थे, जिन्हें प्रशासन की सजगता से आसानी से टाला जा सकता था लेकिन कुंभ मेला हो या अन्य छोटे मेले अथवा विभिन्न धर्म स्थलों पर किसी भी वजह से मचने वाली भगदड़ के कारण मरते लोग, यह विडम्बना ही है कि देश में लगातार होते ऐसे हादसों के बाद भी ऐसा तंत्र विकसित नहीं किया जा सका है, जो ऐसे स्थानों पर एकाएक भीड़ बढ़ जाने पर उसे नियंत्रित करने के लिए कोई अनुशासित व्यवस्था कर सके।

देश के किसी न किसी हिस्से से बार-बार सामने आते ऐसे दर्दनाक हादसों को देखते हुए प्रशासन को भीड़ को नियंत्रित करने की अपनी कार्यप्रणाली पर गहन मंथन करने की आवश्यकता है।

आज न केवल करोड़ों लोगों की आस्था के केन्द्र माता वैष्णो देवी मंदिर की यात्रा को बल्कि देशभर के अन्य सभी धार्मिक स्थलों तथा कुंभ मेले सहित प्रमुख मेलों की यात्रा को भी पूरी तरह सुरक्षित बनाने के लिए अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए कठोर कदम उठाए जाने की सख्त दरकार है।

# नशाबंदी-जीवदया: भारत बेमिसाल

-डॉ. वेदप्रताप वैदिक-

आज दो खबरों ने मेरा ध्यान खींचा। एक तो काबुल में तालिबान सरकार ने तीन हजार लीटर शराब जब्त की और उसे प्रचारपूर्वक काबुल नदी में बहा दिया और दूसरी खबर है, जैन मुनि निर्णयसागर के संकल्प की!

मप्र के अशोकनगर की गोशाला में भूखों मरती गायों के लिए समुचित भोजन जुटाना उनका लक्ष्य था। उन्होंने कहा कि जब तक इन लगभग ७०० गायों के खाने की व्यवस्था नहीं होती, वे भी कुछ खाएंगे-पिएंगे नहीं। उनकी यह घोषणा होते ही १५ मिनट के अंदर जैन भक्तों ने २३ लाख रु. जुटा दिए और कुछ जैन महिलाओं ने अपने जेवर उतारकर मुनिजी के चरणों में रख दिए। मुझे ये दोनों प्रसंग आपस में जुड़े हुए लगते हैं। एक है, नशाबंदी का और दूसरा है- जीवन दया का!

कुरान शरीफ में शराब पीने की इजाजत उस तरह से नहीं है, जैसी बाइबिल और कुछ धर्मग्रंथों में है। कुछ मुसलमान मित्र कुरान की एक आयत का हवाला देते हुए कहते हैं कि कुरान सिर्फ इतना कहती है कि शराब पीने से जितना फायदा है, उससे ज्यादा नुकसान होता है। यदि नशा न हो तो आप थोड़ी-बहुत पी सकते हैं।

कुरान की आयत की ऐसी मनपसंद व्याख्या करके कई मुसलमान शराब-पान की छूट ले लेते हैं।

मैंने अपनी पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान-यात्राओं के दौरान देखा है कि बड़े-बड़े मुसलमान नेताओं, फौजी अफसरों और उद्योगपतियों के तलघरों में बाकायदा शराबखाने खुले हुए हैं जबकि मुस्लिम देशों में शराब-पान को कानूनी अपराध माना जाता है और कुछ देशों में शराबियों को पकड़कर उनको सरेआम कोड़े लगाए जाते हैं। तालिबान का शराबबंदी-अभियान सराहनीय है। कुरान, पुराण, बाइबिल आदि धर्मग्रंथ नशाबंदी का समर्थन करें या न करें लेकिन यह इसलिए त्याज्य है कि नशे में मनुष्य की चेतना नष्ट हो जाती है। मनुष्य, मनुष्य नहीं रहता। जानवर और उसमें फर्क नहीं रह जाता।

ऐसा ही मामला जीव-दया का है। कोई भी धर्मशास्त्र, यहां तक कि बाइबिल, पुराण, कुरान, गुरु ग्रंथ साहब आदि यह कहीं नहीं कहते कि जो मांस नहीं खाएगा, वह घटिया ईसाई या घटिया हिंदू या घटिया मुसलमान या घटिया सिख बन जाएगा। तो फिर मांस खाना जरूरी क्यों है?

मांसाहार खचीर्ला है, स्वास्थ्य-नाशक है और हिंसक है। मांस किसी का भी हो, अखाद्य हैं। प्राणी भूखे भी न मरें- यह सच्ची जीव-दया है।

भारत का शाकाहार और जीव-दया के मामले में जो इतिहास है।

# उम्मीदों भरा 2022

-सिद्वार्थ शंकर-

साल-२०२१ खत्म हुआ और अब नया साल २०२२ का आगाज दुनिया ने पूरे उत्साह के साथ किया है। बीता साल भारत ने कोरोना की खतरनाक दूसरी लहर का सामना किया जिसमें हजारों लोगों की असमय मौत हो गई। हालांकि, इसी साल उम्मीदों का टीका भी आया। २०२१ हमें कुछ बुरी यादें भी देकर गया है। आने वाला नया साल नई उम्मीदों भरा होगा। भले ही साल की शुरूआत कोरोना के ओमिक्रॉन वैरिएंट से हो रही है लेकिन विश्व स्वास्थ्य संगठन ने उम्मीद जताई है कि २०२२ महामारी को पीछे छोड़ सकता है। कोरोना महामारी से लेकर राजनीति, खेल, टेक जगत नए साल में क्या उम्मीदें लेकर आ सकता है। इस साल की सबसे बड़ी उम्मीद बच्चों की वैक्सीन को लेकर है। भारत में ३ जनवरी से १५ से १८ साल के बच्चों का वैक्सीनेशन शुरू हो चुका है। भारत बायोटेक की कोवैक्सीन ट्रायल में दो से १८ साल के बच्चों पर असरदार साबित हुई है। इस साल और भी छोटे बच्चों का वैक्सीनेशन शुरू होने की उम्मीद है। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने भी कहा है उसकी कोवोवैक्स अगले ६ महीने में आ जाएगी। यह वैक्सीन ३ साल से ऊपर के बच्चों को दी जाएगी। इसके अलावा नए साल में कोरोना महामारी खत्म हो सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की चीफ साइंटिस्ट सौम्या स्वामीनाथन का कहना है कि नए साल में वैक्सीन कवरेज बढ़ेगी और महामारी नियंत्रण में आ जाएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि महामारी आम सर्दी-जुकाम का रूप ले सकती है जिसे आसानी से संभाला जा सकता है। साल की शुरूआत में ही भारत में नेजल वैक्सीन आने की उम्मीद भी है। पीएम मोदी ने देश के नाम संबोधन में नेजल वैक्सीन लाने की बात कही थी। ये वैक्सीन भारत बायोटेक और वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन मिलकर बना रहे हैं। ये वैक्सीन नाक के जरिए दी जाएगी। शेयर मार्केट इस साल लंबी छलांग लगा सकता है। इस साल निफ्टी २१ हजार का रिकॉर्ड बना सकता है। साल की शुरूआत भले ही ओमिक्रॉन के साये में हो रही है, लेकिन ये शॉर्ट टर्म रिस्क फैक्टर है। ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल को निफ्टी से नए साल में १२ से १५ फीसदी तक रिटर्न की उम्मीद है। अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। कई हाई फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर कोविड से पहले के स्तर को पार कर गए हैं। कंपनियों की कमाई सितंबर २०२१ तिमाही के बाद उम्मीद से बेहतर है। अगले दो महीने में एलआईसी समेत ४५ कंपनियों के आईपीओ बाजार में आ सकते हैं। सेबी के पास पिछले ३ महीने में ४० से ज्यादा कंपनियों ने आईपीओ के कागजात जमा कराए हैं। इनमें ओला, बायजूस, ओयो जैसे फेमस स्टार्टअप भी शामिल हैं। भारत में ५जी सर्विस का इंजतार २०२२ में खत्म हो सकता है। इसे पहले १३ शहरों में लॉन्च किया जाएगा। उसके बाद बाकी शहरों में शुरू किया जाएगा। टेलीकॉम डिपार्टमेंट की ओर से बताया गया है कि २०२२ में अहमदाबाद, बेंगलुरु, चंडीगढ़, चेन्नई, दिल्ली, गांधीनगर, गुरुग्राम, हैदराबाद, जामनगर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई और पुणे में ५जी इंटरनेट शुरू हो जाएगा। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति के सदस्य जयंत आर वर्मा ने अर्थव्यवस्था में तेजी आने की उम्मीद जताई है।

# पुजारा-रहाणे की शतकीय साझेदारी, रबाडा ने दिलायी दक्षिण अफ्रीका को वापसी

**जोहानिसबर्ग।** चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे की शतकीय साझेदारी से एक समय मजबूत स्थिति में दिख रहे भारत ने २९ रन के अंदर चार विकेट गंवाने के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन बुधवार को यहां लंच तक अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर १८८ रन बनाये।कैगिसो रबाडा (५४ रन देकर तीन) ने पहले सत्र के आखिरी ४५ मिनट में दक्षिण अफ्रीका को वापसी दिलायी। डुआने ओलिवियर (४३ रन देकर एक) और लुंगी एनगिडी (३४ रन देकर एक) ने भी अच्छी गेंदबाजी की। भारत की कुल बढ़त अब १६१ रन की हो गयी है। दक्षिण अफ्रीका अब भारत को २०० रन से कम के स्कोर पर रोकने का प्रयास करेगा क्योंकि इस पिच पर २०० रन से अधिक का लक्ष्य हासिल करना मुश्किल होगा। भारत ने अपनी पहली पारी में २०२ रन बनाये थे जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने २२९ रन बनाकर २७ रन की बढ़त हासिल की थी। खराब फॉर्म के कारण आलोचकों के निशाने पर चल रहे पुजारा (८६ गेंदों पर ५३) और रहाणे (७८ गेंदों पर ५८ रन) ने अर्धशतक जमाये और




तीसरे विकेट के लिये २३.२ ओवर में १११ रन की साझेदारी की। इन दोनों बल्लेबाजों को पता था कि उनके लिये आगे टीम में जगह बनाना मुश्किल होगा और इसलिए उन्होंने रन बनाने पर अधिक ध्यान दिया। हॉफ वॉली पर की गयी गेंदों को उन्होंने ड्राइव करके सीमा रेखा तक पहुंचाया। इस बीच रहाणे ने मार्को जेनसन की गेंद पर प्वाइंट के ऊपर से छक्का भी लगाया। पुजारा ने ६२ गेंदों पर जबकि रहाणे ने ६७ गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया जिससे पता चलता है कि उन्होंने रन बनाने को प्राथमिकता में रखा। पुजारा ने १० चौके जबकि रहाणे ने आठ चौके और एक छक्का लगाया। भारत का स्कोर एक समय दो विकेट पर १५५ रन था और वह अच्छी स्थिति में दिख रहा था, लेकिन इसके बाद रबाडा ने बेहतरीन स्पैल करके अपनी टीम को वापसी दिलायी। रबाडा ने रहाणे को विकेटकीपर काइल वेरेन के हाथों कैच कराया और पुजारा को पगबाधा आउट किया। उन्होंने इसके बाद ऋषभ पंत को खाता भी नहीं खोलने दिया जिन्होंने शार्ट पिच गेंद को हॉफ वॉली पर खेलने का गैरजिम्मेदाराना रवैया अपनाकर विकेटकीपर को कैच दिया। रविचंद्रन अश्विन ने एनगिडी की गेंद पर विकेट के पीछे कैच देने से पहले १४ गेंदों पर १६ रन बनाये। लंच के समय हनुमा विहारी छह और शार्दुल ठाकुर चार रन पर खेल रहे थे।

## भारत के लिए अच्छी खबर, जोहान्सबर्ग में अभ्यास करते नजर आए कोहली



**जोहान्सबर्ग।** भारत के टेस्ट कप्तान विराट कोहली चोट के कारण जोहान्सबर्ग में दूसरे टेस्ट से चूक गए थे। वहीं, अब भारतीय टीम के लिए अच्छी खबर सामने आई है कि कोहली बुधवार को तीसरे दिन के खेल से पहले टीम के साथ अभ्यास करते नजर आए। कप्तान कोहली को अभ्यास के दौरान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से थ्रोडाउन लेते देखा गया। भारतीय कप्तान ने आज मैदान में कुछ देर स्ट्रेचिंग की और फिर कोच द्रविड़ के साथ मिलकर थ्रोडाउन का अभ्यास करने लगे। भारतीय गेंदबाजों की कुछ गेंदों का सामना करने और शार्दुल ठाकुर के साथ खेल पर चर्चा करने में कुछ समय बिताने के दौरान कोहली अपने सामान्य स्वरुप में दिखे। सोमवार को, बीसीसीआई ने उनकी फिटनेस के बारे में कहा था, विराट कोहली चोट के कारण वांडर्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में नहीं खेलेंगे, जिसके बाद मेडिकल टीम इस दौरान उनकी निगरानी करेगी। सेंचुरियन टेस्ट में कोहली ने अपना ९९वां टेस्ट खेला था, अब कोहली अपना १००वां टेस्ट केपटाउन के न्यूलैंड्स में खेल सकते हैं या फिर भारत के कार्यक्रम के अनुसार, कोहली अपना १००वां टेस्ट बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेल सकते हैं, जहां श्रीलंका के खिलाफ पहला टेस्ट २५ फरवरी को होना है।

## श्रीलंका के बल्लेबाज भानुका राजपक्षा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा

**कोलंबो।** श्रीलंका के बल्लेबाज भानुका राजपक्षा ने पारिवारिक दायित्वों का हवाला देते हुए बुधवार को तुरंत प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला किया । राजपक्षा का वनडे कैरियर छह महीने से भी कम चला जिन्होंने जुलाई 2021 में ही पदार्पण किया था । उन्होंने श्रीलंका क्रिकेट को पत्र लिखकर यह जानकारी दी । पत्र में उन्होंने लिखा , मैंने बतौर खिलाड़ी और एक पति के तौर पर अपनी स्थिति की समीक्षा की । पारिवारिक दायित्वों के कारण मुझे यह फैसला लेना पड़ रहा है । उन्होंने श्रीलंका के लिये पांच वनडे और 18 टी20 खेलकर 409 रन बनाये । वह टी20 विश्व कप में श्रीलंका की टीम का हिस्सा थे और उन्होंने 155 रन बनाये थे ।

## भारत के खिलाफ धैर्य के साथ गेंदबाजी करने की जरूरत : एनगिडी

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने बुधवार को कहा कि वांडर्स में भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन, उनकी टीम की योजना लगातार लाइन और लेंथ के साथ अच्छी गेंदबाजी करने की होगी। दक्षिण अफ्रीका ने २७ रनों की बढ़त के बाद सलामी बल्लेबाज केएल राहुल और मयंक अग्रवाल को आउट किया, लेकिन दूसरे दिन चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे को आउट नहीं कर पाएं। तीसरे दिन की शुरूआत से पहले एनगिडी ने कहा, यह खेल सब्र




का है। इसे लगातार बनाए रखने के लिए, आज यही योजना है। बल्लेबाजों को जितना हो सके खेलने दें और इसे सरल रखें, हम यही करेंगे। लगातार लाइन और लेंथ के महत्व पर जोर देते हुए एनगिडी ने मंगलवार को अपनी टीम द्वारा की गई गलतियों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा, हमने दूसरे दिन ठीक-ठाक गेंदबाजी की, इसलिए हमें धैर्य रखने और अपनी लाइन और लेंथ के अनुरूप रहने की जरूरत है। इससे भारतीय बल्लेबाजों पर दबाव बनेगा।

२५ वर्षीय एनगिडी ने पहली पारी में एक भी विकेट हासिल नहीं कर पाए थे। उन्होंने कहा कि तीसरे दिन गेंदबाजी योजनाओं में निरंतरता के साथ धैर्य दिखाना होगा।

## केएल राहुल को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में 18 पायदान का फायदा

### शमी और बुमराह भी रैंकिंग में ऊपर चढ़े




**दुबई।** भारतीय सलामी बल्लेबाज केएल राहुल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में मिली 113 रन की जीत में प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन की बदौलत आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग में 18 पायदान के फायदे से बल्लेबाजों की सूची में 31वें स्थान पर पहुंच गये। सेंचुरियन में इस जीत से भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली जो विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का हिस्सा है। राहुल की इस प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग आठवां स्थान है जो उन्होंने नवंबर 2017 में हासिल की थी। उन्होंने पहली पारी में 123 रन बनाये और मयंक अग्रवाल (60 रन) के साथ पहले विकेट के लिये 117 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी निभायी जिससे भारतीय टीम इस स्थल पर टेस्ट मैच जीतने वाली पहली एशियाई टीम बन गयी और उसने डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में महत्वपूर्ण अंक भी हासिल किये। अग्रवाल को एक पायदान का फायदा हुआ जबकि अजिंक्य रहाणे दो पायदान की छलांग से बुधवार को ताजा अपडेट में 25वें स्थान पर पहुंच गये। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी भी रैंकिंग में ऊपर चढ़ने वाले अन्य भारतीय हैं। बुमराह मैच में पांच विकेट चटकाने से तीन पायदान ऊपर पहुंचकर नौंवे स्थान पर हैं जबकि शमी ने आठ विकेट चटकाये थे जिसमें पहली पारी के पांच विकेट भी शामिल हैं। इस प्रदर्शन से शमी दो पायदान के फायदे से 17वें स्थान पर पहुंच गये। दक्षिण अफ्रीका के लिये कप्तान और सलामी बल्लेबाज डीन एल्गर दो पायदान के लाभ से 14वें स्थान पर पहुंचे जिन्होंने दूसरी पारी में 77 रन बनाये थे। तेम्बा बावुमा 52 और नाबाद 35 रन के स्कोर से 16 पायदान की छलांग लगाकर 39वें स्थान पर पहुंच गये। कागिसो रबाडा ने सात विकेट हासिल किये जिससे वह एक स्थान ऊपर छठे स्थान पर जबकि उनके साथी तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी मैच में आठ विकेट चटकाने से 16 पायदान की छलांग से 30वें स्थान पर पहुंच गये। पदार्पण कर रहे बायें हाथ के तेज गेंदबाज मार्को जेनसेन ने 97वें स्थान से रैंकिंग में प्रवेश किया।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ जीतना अविश्वसनीय : कप्तान हक

**न्यूजीलैंड।** बांग्लादेश के कप्तान मोमिनुल हक ने बे ओवल में बुधवार को पांचवें दिन मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन न्यूजीलैंड पर अपनी टीम की आठ विकेट की जीत को अविश्वसनीय करार दिया। 2022 में बांग्लादेश ने न्यूजीलैंड के 17 मैचों में विजयी अभियान को समाप्त करके टेस्ट क्रिकेट में पहली जीत हासिल की है। मोमिनुल ने कहा, मैं इसका वर्णन नहीं कर सकता। यह जीत अविश्वसनीय है। मैं कल दबाव के कारण सो नहीं सका और यह नहीं जानता था कि आज क्या होगा। यह टेस्ट मैच जीतना बहुत महत्वपूर्ण था। यदि आप दो साल पहले देखते हैं, तो हम ज्यादा टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलें थे। हम टेस्ट क्रिकेट में सुधार करने के इच्छुक हैं और हमें यह करना होगा। टेस्ट में न्यूजीलैंड पर बांग्लादेश की पहली जीत के बारे में पूछे जाने पर, हक ने कहा कि




टीम गेंदबाजी के अलावा हर विभाग में बेहतर कर रही है। उन्होंने कहा, यह एक टीम का प्रदर्शन था, टीम ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फिल्डिंग तीनों विभागों में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। उन्होंने पहली पारी की नमी का इस्तेमाल वास्तव में अच्छी गेंदबाजी करने के लिए किया और उन्होंने दूसरी पारी में भी ऐसा ही किया।कप्तान ने तेज गेंदबाज इबादत हुसैन के शानदार प्रदर्शन की तारीफ की। हुसैन ने दूसरी पारी में करियर के सर्वश्रेष्ठ 6/46 आंकड़े को हासिल किया और दूसरी पारी में न्यूजीलैंड को 169 रन पर ऑलआउट कर दिया।

30 वर्षीय हक ने कहा कि परिणाम के बजाय प्रक्रिया पर ध्यान देने से बांग्लादेश को मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद मिली।

## आईसीसी महिला विश्व कप 2022 के लिए भारतीय टीम घोषित

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय महिला चयन समिति ने आईसीसी महिला विश्व कप 2022 के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। भारतीय टीम 6 मार्च, 2022 को बे ओवल, तोरंगा में पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला विश्व कप मैच खेलेगी। इससे पहले टीम 11 फरवरी, 2022 से न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में भी हिस्सा लेगी। इसके अलावा चयन समिति ने 9 फरवरी, 2022 को खेले जाने वाले न्यूजीलैंड के खिलाफ एकमात्र टी 20 के लिए भी टीम का चयन किया। महिला विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच के बाद, भारतीय टीम 10 मार्च को न्यूजीलैंड 12 मार्च को वेस्टइंडीज, 16 मार्च




को इंग्लैंड, 19 मार्च को ऑस्ट्रेलिया, 22 मार्च को बांग्लादेश और 27 मार्च को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलेगी।

न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिनी श्रृंखला और आईसीसी महिला विश्व कप, 2022 के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है: मिताली राज (कप्तान), हरमनप्रीत कौर (उप-कप्तान), स्मृति मंधाना, शैफाली वर्मा, यास्तिका भाटिया, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेट-कीपर), स्नेह राणा, झूलन गोस्वामी, पूजा वस्त्रकर, मेघना सिंह, रेणुका सिंह ठाकुर, तानिया भाटिया (विकेटकीपर), राजेश्वरी गायकवाड़, पूनम यादव।

स्टैंडबाय खिलाड़ी: सब्भिनेनी मेघना, एकता बिष्ट, सिमरन दिल बहादुर।

**न्यूजीलैंड के लिए एकमात्र टी-20 के लिए भारतीय टीम :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शैफाली वर्मा, यास्तिका भाटिया, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेट-कीपर), स्नेह राणा, पूजा वस्त्रकर, मेघना सिंह, रेणुका सिंह ठाकुर, तानिया भाटिया (विकेटकीपर), राजेश्वरी गायकवाड़, पूनम यादव, एकता बिष्ट, एस. मेघना, सिमरन दिल बहादुर।

## ओडिशा ने अंडर-17 फुटबॉल खिलाड़ियों के लिये टीकाकरण अभियान शुरू किया

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने कोविड-19 पॉजिटिव मामलों की बढ़ोतरी के बीच खिलाड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को सहायता मुहैया कराते हुए अंडर-17 फुटबॉलरों के लिये कोविड-19 टीकाकरण अभियान शुरू किया। टीकाकरण अभियान उन सभी खिलाड़ियों के लिये हैं जो भुवनेश्वर में रह रहे हैं। भारत सरकार ने 25 दिसंबर को घोषणा की थी कि 15 से 18 वर्ष की उम्र के बच्चों का भी कोविड-19 टीकाकरण किया जायेगा। एआईएफएफ के उप महासचिव अभिषेक यादव ने ओडिशा सरकार की भारतीय फुटबॉल के साथ साझेदारी की प्रशंसा की और कहा, ओडिशा सरकार ने हमेशा खिलाड़ियों और अधिकारियों के स्वास्थ्य को अहमियत दी है।

## मुंबई सिटी एफसी में शामिल हुए ओडिशा एफसी के मिडफील्डर विनीत राय

**पणजी।** ओडिशा एफसी के मिडफील्डर विनीत राय इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के बाकी बचे सीजन के लिए ऋण पर गत चैंपियन मुंबई सिटी एफसी में शामिल हो गए हैं। राय इस सीजन में ओडिशा एफसी के कप्तान थे। राय ने इस सीजन में ओडिशा एफसी के लिए आठ मैचों में भाग लिया है आईएसएल वेबसाइट के अनुसार, क्लब के आधिकारिक बयान में कहा गया, "मुंबई सिटी एफसी को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि क्लब ने सीजन के अंत तक 24 वर्षीय मिडफील्डर विनीत राय को ऋण पर क्लब में शामिल करने के लिए ओडिशा एफसी के साथ एक समझौता किया है।" मुंबई को हैदराबाद एफसी ने आईएसएल अंकतालिका से शीर्ष स्थान से हटा दिया है, उन्हें उम्मीद है कि राय के अधिग्रहण से लीग विनर्स शील्ड के लिए उनका अभियान फिर से पटरी पर आ जाएगा।

## सचिन की प्रशंसा मेरे लिए हमेशा मनोबल बढ़ाने वाली होती है : शार्दुल ठाकुर

**जोहान्सबर्ग।** भारतीय हरफनमौला खिलाड़ी शार्दुल ठाकुर ने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर द्वारा खुद की तारीफ किये जाने पर खुशी जाहिर की है। शार्दुल ने मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जारी दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन सात विकेट लिए,जिसकी बदौलत दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 229 रनों पर सिमट गई। तेंदुलकर ने ट्विटर पर लिखा, " शार्दुल को उनकी स्थिर गेंदबाजी और विविधता के साथ 7 विकेट लेने के लिए बधाई। दूसरों का अच्छा समर्थन मिला।"




गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे द्वारा यह पूछे जाने पर कि ट्वीट पढ़ने के बाद उन्हें कैसा लगा, शार्दुल ने कहा कि सचिन की प्रशंसा उनके लिए हमेशा 'मनोबल बढ़ाने वाली' होती है। शार्दुल ने पारस म्हाम्ब्रे को बताया, "मेरे लिए यह खुशी की बात है कि क्रिकेट के भगवान ने खुद मेरे बारे में ट्वीट किया है। मुंबईकर होने के नाते, मैंने उनके साथ कुछ मैच खेले हैं। उन्होंने हमेशा एक युवा खिलाड़ी के रूप में मेरा समर्थन किया है और उनसे सुनना हमेशा अच्छा होता है, यह मनोबल बढ़ाने वाला है।" सचिन के अलावा, भारत के पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने भी शार्दुल को उनके 'शेर-दिल प्रदर्शन' के लिए बधाई दी है।

लक्ष्मण ने ट्वीट किया, "शार्दुल ठाकुर द्वारा शेर-दिल प्रदर्शन।

## बांग्लादेश से मिली शिकस्त पर लाथम ने जताई निराशा, कहा-यह दिल तोड़ने वाली हार

**माउंट माउंगानुई।** बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में आठ विकेट से मिली हार पर निराशा जाहिर करते हुए न्यूजीलैंड के कार्यवाहक कप्तान टॉम लाथम ने बुधवार को कहा कि यह दिल तोड़ने वाली हार है, हालांकि उन्होंने उम्मीद जताई की टीम अगले मुकाबले में जोरदार वापसी करेगी। दूसरी पारी में इबादोट हुसैन के छह विकेटों की बदौलत बांग्लादेश ने बुधवार को यहां बे ओवल, माउंट माउंगानुई में पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड को आठ विकेट से शिकस्त दी। लाथम ने मैच के बाद कहा, "हम तीनों पहलुओं में फेल हो गए। बांग्लादेश ने हमें दिखाया कि उस विकेट पर कैसा प्रदर्शन



करना है। वे बल्लेबाजी में साझेदारी बनाने में सक्षम थे और गेंदबाजी में दोनों छोर से दबाव बना रहे थे। यहां केवल दो टेस्ट मैच हुए हैं। शायद हमने जितनी उम्मीद की थी विकेट उससे थोड़ा धीमा रहा और उतना नहीं टूटा।" उन्होंने आगे कहा, "दुर्भाग्य से, हम काफी लंबे समय तक चीजें नहीं कर सके। पहली पारी को देखते हुए, हम जिस स्थिति में थे, अगर हमने 450 रन बनाए होते तो यह एक अलग कहानी होती। बांग्लादेश ने जिस तरह से सभी पांच दिनों तक प्रदर्शन किया, उसके लिए पूरा श्रेय उन्हें जाता है। वे पूरी तरह से इस जीत के हकदार थे।"

इस जीत के साथ, बांग्लादेश मार्च 2017 के बाद से न्यूजीलैंड को टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड में ही हराने वाली पहली टीम बन गई है। यह ब्लैककैप पर बांग्लादेश की पहली टेस्ट जीत भी है।

## हांगकांग ने आठ देशों से उड़ानों पर रोक, कुछ अन्य पाबंदियां लागू करने की घोषणा की

**हांगकांग।** कोविड-19 के ओमीक्रोन स्वरूप के बढ़ते मामलों के मद्देनजर हांगकांग ने बुधवार को भारत और सात अन्य देशों से उड़ानों पर दो सप्ताह के लिए प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। वहीं, एक जहाज पर सवार करीब 2500 यात्रियों को भी जांच के लिए रोकने का फैसला किया गया। भारत, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फ्रांस, फिलीपीन, ब्रिटेन और अमेरिका से यात्री उड़ानों पर दो सप्ताह का प्रतिबंध रविवार से प्रभावी होगा और 21 जनवरी तक लागू रहेगा। हांगकांग की नेता कैरी लाम ने घोषणा की है कि शुक्रवार से दो सप्ताह के लिए शाम छह बजे के बाद रेस्तरां बंद कर दिए जाएंगे। इस अवधि के दौरान खेल के मैदान, बार और ब्यूटी सैलून भी बंद रहेंगे। लाम ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, ह्यह्यहमें यह सुनिश्चित करने के लिए महामारी को रोकना होगा कि समुदाय में फिर से कोई बड़ा प्रकोप न हो।ह्नह्न साथ ही कहा कि हांगकांग महामारी की एक और ह्यलहर के कगारह्न पर पहुंच गया है। पिछले एक सप्ताह में कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के संक्रमण के कई मामले आने के बाद ये कदम उठाए गए हैं। मंगलवार को 114 मरीजों के इस स्वरूप से संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी। इनमें ज्यादातर लोग दूसरे देशों से आए थे। हांगकांग ने जहाज ह्यरॉयल कैरेबियन स्पेक्ट्रमह्न पर सवार करीब 2500 लोगों को कोरोना वायरस की जांच के लिए रोक रखा है। रविवार को यात्रा पर निकले जहाज पर नौ यात्रियों के संक्रमित पाए जाने के बाद इसे वापस आने को कह दिया गया। यह जहाज बुधवार को हांगकांग लौट आया और यात्रियों को जांच का परिणाम आने तक जहाज पर ही रहने को कहा गया है।

## चीन के शियान शहर में कोविड के नए मामलों में बड़ी गिराव2ट



**बीजिंग।** चीन ने उत्तरी शहर शियान में कोरोना वायरस के स्थानीय मामलों में बुधवार को बड़ी गिरावट की सूचना दी। इस शहर में बीते दो हफ्तों से सख्त लॉकडाउन लगा हुआ है। बीजिंग में चार फरवरी से शीत ओलंपिक खेलों का आयोजन होना है। इसके मद्देनजर चीन ने बीमारी के किसी नए प्रकोप को रोकने के लिए उपाय दोगुने कर दिए हैं। लोगों को बहुत जरूरी होने पर ही बीजिंग से बाहर जाने के लिए कहा गया है। वहीं होटलों ने भी नई बुकिंग करना बंद कर दिया है। खिलाड़ी, अधिकारी और पत्रकार ह्यमहामारी रोधीह्न दायरे में प्रवेश करने के बाद जब तक तक शीत खेल खत्म नहीं हो जाते, वहीं रहेंगे। शीत खेल चार से 20 फरवरी तक चलेंगे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बुधवार को बताया कि शियान में महज 35 मामले मिले हैं जो एक दिन पहले 95 थे। यह दैनिक मामलों में तेज गिरावट है। शियान में अबतक 1600 से अधिक मामले आए हैं लेकिन किसी की मौत होने की सूचना नहीं है। आर वर्ल्ड इन डेटा के मुताबिक, चीन अबतक अपनी 85 फीसदी आबादी का टीकाकरण कर चुका है। टीके गंभीर रूप से बीमार होने की संभावना को कम करते हैं। शहर के रोग नियंत्रण केंद्र के उप निदेशक चेन झिजुन ने कहा कि शियान में बड़े स्तर पर आबादी में संक्रमण का प्रसार नहीं हुआ है और जो मामले आए हैं, वे लोग संक्रमितों के संपर्क में आने से बीमार पड़े हैं और वे पृथक-वास में हैं। मंगलवार को अधिकारियों ने हेनान प्रांत के युझौउ शहर में सप्ताहांत पर लॉकडाउन लगाने का ऐलान किया था, क्योंकि वहां तीन मामले आए हैं जिनमें संक्रमण के लक्षण नहीं थे। हेनान प्रांत में बिना लक्षण वाले दो मामले बुधवार को मिले। चीन में कोरोना वायरस के कुल 1,029,32 मामले मिले हैं और 4,636 लोगों

## इमरान खान की पार्टी ने निर्वाचन आयोग से विदेशों से मिले चंदे की जानकारी छुपाने की कोशिश की: रिपोर्ट



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तकरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने देश के निर्वाचन आयोग को विदेशी नागरिकों एवं कंपनियों से मिली निधि की पूरी जानकारी नहीं दी और अपने खातों संबंधी जानकारी भी छुपाई। मीडिया की खबर में निर्वाचन आयोग द्वारा संकलित एक रिपोर्ट के हवाले से बुधवार को यह दावा किया गया। डॉन समाचार पत्र ने स्क्रूटनी कमेटी ऑफ द इलेक्शन कमीशन ऑफ पाकिस्तान (ईसीपी) द्वारा संकलित रिपोर्ट के हवाले से बताया कि सत्तारूढ़ दल ने वित्त वर्ष 2009-10 और वित्त वर्ष 2012-13 के बीच चार साल की अवधि में 31 करोड़ 20 लाख पाकिस्तानी रुपए के चंदे संबंधी जानकारी छुपाई। समाचार पत्र के अनुसार, वार्षिक जानकारी से खुलासा हुआ कि केवल वित्त वर्ष 2012-13 में करीब 14 करोड़ 50 लाख डॉलर कम राशि बताई गई। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) द्वारा समिति को उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के पास 26 बैंक खाते थे। समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2008 से 2013 के बीच पार्टी ने ईसीपी को 1.33 अरब पाकिस्तानी रुपए की धनराशि की जानकारी दी थी, जबकि पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक एसबीपी की एक रिपोर्ट में वास्तविक राशि 1.64 अरब पाकिस्तानी रुपए थी। पार्टी ने ईसीपी को उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों में तीन बैंक के ब्योरे का भी खुलासा नहीं किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान में करीब 1,414 कंपनियों, 47 विदेशी कंपनियों और 119 संभावित कंपनियों ने खान की पार्टी को चंदा दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसे अमेरिका से भी 23 लाख, 44 हजार, 800 डॉलर मिले थे, लेकिन समिति पार्टी के अमेरिकी बैंक खातों तक नहीं पहुंच सकी।

पार्टी को यह निधि देने वालों में 4,755 पाकिस्तानी, 41 गैर-पाकिस्तानी और 230 विदेशी कंपनियां शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका के अलावा, खान की पार्टी को दुबई, ब्रिटेन, यूरोप, डेनमार्क, जापान, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया से भी निधि मिली, लेकिन समिति को इन लेन-देन की जानकारी नहीं दी गई। सूचना और प्रसारण मंत्री फवाद चौधरी ने मंगलवार को एक बैठक में जांच समिति की रिपोर्ट को गलत करार दिया और पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी जैसे विपक्षी राजनीतिक दलों के खातों की भी जांच किए जाने की मांग की। डॉन समाचार पत्र ने बताया कि ईसीपी ने नौ महीनों के बाद मंगलवार को सत्तारूढ़ दल के खिलाफ विदेशी चंदे संबंधी मामले की सुनवाई शुरू की थी और इसी दौरान यह रिपोर्ट पेश की गई थी। इस मामले में आगे की सुनवाई 18 जनवरी को होगी।

## कर्नाटक जिले में आया हल्का तीव्रता का भूकंप



**चिक्कबल्लापुर।** कर्नाटक के चिक्कबल्लापुर जिले में बुधवार को रिक्टर पैमाने पर 2.7 तीव्रता का हल्का भूकंप आया। यह जानकारी राज्य प्राकृतिक आपदा निगरानी केंद्र (केएसएनडीएमसी) ने दी। अधिकारियों के मुताबिक, शेट्टीगेरे, अडागल, बीरागानहल्ली, गोल्लाहल्ली, बोगापर्ती गांवों में तड़के तीन सेकेंड तक झटके महसूस किए गए। हालांकि, ग्रामीणों ने दावा किया कि उन्होंने तीन बार झटके महसूस किए। अधिकांश ग्रामीणों ने अपने घरों के बाहर रात बिताई। ग्रामीणों ने दावा किया कि कई घरों की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। ग्रामीणों ने कहा कि उन्होंने झटके महसूस किए। घरों में अलमारियों में रखा सामान गिर गया, जिसके बाद वे अपने घरों से बाहर भाग गए।चिक्कबल्लापुर में 22 दिसंबर, 2021 को 2.9 और 3.0 तीव्रता के दो भूकंप दर्ज किए।

## साउथ कोरिया में कोविड के 4,444 नए मामले दर्ज



**सियोल।** दक्षिण कोरिया ने मंगलवार आधी रात तक कोविड-19 के 4,444 और मामले दर्ज किए, जिससे देश में संक्रमणों की कुल संख्या बढ़कर 649,669 हो गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सप्ताह के मध्य में उच्च वायरस परीक्षणों के कारण दैनिक आंकड़ा पिछले दिन 3,024 से ऊपर था। हालिया पुनरुत्थान सियोल महानगरीय क्षेत्र में छोटे क्लस्टर संक्रमणों के कारण हुआ था। नए मामलों में से 1,346 सियोल के निवासी थे। ग्योंगगी प्रांत और पश्चिमी बंदरगाह शहर इंचियोन में रहने वाले नए संक्रमित लोगों की संख्या क्रमशः 1,416 और 261 है। गैर-महानगरीय क्षेत्र में भी यह वायरस फैल गया है। गैर-राजधानी क्षेत्रों में नए संक्रमणों की संख्या 1,210 या कुल स्थानीय संचरण का 28.6 प्रतिशत है। नए मामलों में, 211 को विदेशों से आयात किया गया, जो कुल मिलाकर 18,077 हो गए है। गंभीर स्थिति में रहने वाले संक्रमित लोगों की संख्या पिछले दिन की तुलना में 20 कम 953 थी। सत्तावन और मौतों की पुष्टि की गई, जिससे मरने वालों की संख्या 5,838 हो गई। कुल मृत्यु दर 0.90 प्रतिशत है। देश ने 44,268,774 लोगों, या कुल जनसंख्या के 86.3 प्रतिशत लोगों को कोविड के टीके दिए हैं, और पूरी तरह से टीका लगाए गए लोगों की संख्या 42,679,758, या 83.2 प्रतिशत आबादी थी। बूस्टर जैब्स प्राप्त करने वालों की संख्या 19,336,893 लोग या जनसंख्या का 37.7 प्रतिशत है।

## कोरोना के बढ़ते मामलों के कारण स्वास्थ्य प्रणाली पर दबाव बढ़ा



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में कोरोना महामारी के मामले रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए हैं, जिससे स्वास्थ्य प्रणाली पर दबाव बढ़ रहा है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया में बुधवार को एक दिन में 50,000 कोरोना मामले सामने अए हैं, जो कि देश में महामारी की शुरआत के बाद से सबसे ज्यादा हैं। सबसे ज्यादा मामले न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) और विक्टोरिया से सामने आए हैं। वर्तमान में एनएसडब्ल्यू ओमिक्रॉन वेरिएंट का केंद्र है, जहां बीते 24 घंटे में रात 8 बजे तक 35,054 नए मामले सामने आए और 8 मौतें हुई, जबकि विक्टोरिया में मंगलवार आधी रात तक 24 घंटे में कोरोना के 17,636 मामले सामने आए और 11 मौतें हुई हैं। दोनों राज्यों में एनएसडब्ल्यू के अस्पतालों में 1,491 और विक्टोरिया में 591 कोरोना मरीज भर्ती हैं। एनएसडब्ल्यू के स्वास्थ्य उप सचिव सुसान पीयर्स ने चेतावनी दी कि स्वास्थ्य सेवा प्रणाली दबाव में है और स्थिति कुछ समय तक बनी रह सकती है। पियर्स ने कहा, हम अगले कई हफ्तों तक दबाव महसूस रखेंगे। जैसे ही यह गिरावट शुरू होगी।

## कोविड-19: हांगकांग में हजारों लोगों को पोत पर ही रोका गया

**हांगकांग।** हांगकांग में एक पोत पर सवार हजारों लोगों को बुधवार को कोविड-19 संबंधी जांच होने तक उस पर ही सवार रहने को कहा गया। पोत पर सवार नौ यात्री कोरोना वायरस संक्रमण के नए स्वरूप ओमीक्रोन से संक्रमित लोगों के सम्पर्क में आए थे और इसके बाद पोत को लौटने का आदेश दिया गया था। एक सरकारी बयान के अनुसार, अधिकारियों ने रॉयल कैरेबियन के स्पेक्ट्रम ऑफ द सीज पोत को बुधवार को तय समय से एक दिन पहले लौटने को कहा था। पोत ने रविवार को यात्रा शुरू की थी। पोत पर सवार नौ यात्री हाल ही में ओमीक्रोन से संक्रमित लोगों के सम्पर्क में आए थे। पोत बुधवार सुबह हांगकांग पहुंचा और उसके सभी यात्रियों को जांच होने तक उस पर ही सवार रहने को कहा गया। रॉयल कैरेबियन ने एक बयान में कहा कि उन सभी नौ यात्रियों को पृथक कर दिया गया है और सभी के संक्रमित ना होने की पुष्टि की गई है। कम्पनी वैश्विक महामारी से निपटने संबंधी सभी नियमों का पालन कर रही है। रॉयल कैरेबियन ने कहा कि पोत पर सवार लोगों को उनके किराए का 25 प्रतिशत पैसा वापस किया जाएगा। पोत की बृहस्पतिवार को निर्धारित सभी यात्राएं रद्द कर दी गई हैं।

## पाकिस्तान में सड़क हादसों में 5 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पिछले 24 घंटों में दो अलग-अलग सड़क हादसों में पांच लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। देश के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दीर जिले में एक एम्बुलेंस बर्फ में फिसल कर नदी में गिर गई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया कि पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत के चुनियां शहर के पास मुल्तान रोड पर एक ट्रक के पलट जाने से एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई और एक घायल हो गया।पाकिस्तान में मुख्य रूप से खराब रखरखाव वाले वाहनों, जर्जर सड़कों और सड़क सुरक्षा उपायों की लापरवाही के कारण अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती हैं।

## म्यांमार में कोविड के 144 नए मामले सामने आए, एक और मरीज की मौत

**यांगून।** स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, म्यांमार ने पिछले 24 घंटों में 144 नए कोविड -19 मामले दर्ज किए जबकि इस बीमारी से एक और मौत हुई। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने म्यांमार के स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से बताया कि देश में कोरोना संक्रमण से मरने वालों की संख्या बढ़कर 19,278 हो गई है, जबकि मंगलवार तक इसके कोविड संक्रमण बढ़कर 531,299 हो गए हैं। अब तक कुल 509,182 रोगियों को अस्पतालों से छुट्टी दे दी गई है और अब तक 6 मिलियन से अधिक नमूनों का परीक्षण किया जा चुका है।

## जंजीबार में नौका डूबने से 10 लोगों की मौत

**जंजीबार।** तंजानिया के अर्ध स्वायत्त क्षेत्र जंजीबार के एक अधिकारी ने बताया कि एक नौका डूबने से 10 लोगों की मौत हो गई। नाव में सवार यात्री एक मृतक के अंतिम संस्कार में हिस्सा लेने जा रहे थे। दक्षिणी क्षेत्र मट्टार के क्षेत्रीय आयुक्त जाहोर ने बताया कि यह दुर्घटना मंगलवार रात किसीवापनजा के समीप हुई और नाव में सवार नौ अन्य यात्रियों को बचाया गया। बाकी यात्रियों की तलाश जारी है। आयुक्त ने बताया कि बचाव अभियान को ऊंची-ऊंची लहरें उठने की वजह से रोकना पड़ा लेकिन तलाश टीम लोगों का पता लगाने के लिए हर संभव कोशिश करेगी। आशंका जताई जा रही है कि नाव दुर्घटना का कारण नाव में क्षमता से अधिक लोगों का सवार होना और खराब मौसम हो सकता है।

## डोपिंग निरोधक प्रयासों के तहत आईटीए के साथ करार बढाया आईबीए ने

**लुसाने।** अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) ने अंतरराष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (आईटीए) के साथ करार तीन साल के लिये बढा लिया है जिसके तहत स्पर्धा के दौरान डोप टेस्ट, लंबे समय तक नमूनों का संग्रहण और जांच शामिल होगा। आईबीए ने सबसे पहले 2016 रियो ओलंपिक के दौरान आईटीए के साथ करार किया था । आईबीए ने एक बयान में कहा ,ह्यह्य इस करार के तहत आईबीए की डोपिंग निरोधक गतिविधियों को आईटीए अंजाम देगा जिसमें जांच, जानकारी जुटाना, जागरूकता जगाना और डोपिंग नियमों के उल्लंघन के मामलों से निपटना शामिल है । यह फैसला अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति से मान्यता फिर हासिल करने के आईबीए के प्रयासों का हिस्सा है ।वित्तीय अनियमितताओं और प्रशासनिक मसलों के कारण 2019 में आईबीए की मान्यता ले ली गई थी ।

## कंबोडिया में ओमिक्रॉन के 94 नए मामले

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया में 9 नए संक्रमणों का पता चलने के बाद देश में कोरोना के नए ओमिक्रॉन वेरिएंट के पुष्ट मामले बढ़कर 94 हो गए हैं। ये जानकारी प्रधानमंत्री सैमडेच टेको हुन सेन ने बुधवार को दी। उन्होंने महिला एथलीट ओक सेरेमॉम के लिए एक नकद पुरस्कार समारोह के दौरान कहा, कंबोडिया में पाश्चर इंस्टीट्यूट (मंगलवार शाम को) द्वारा 9 नए ओमिक्रॉन मामलों की पुष्टि की गई है। ये सभी हवाई मार्ग से कंबोडिया में प्रवेश करने वाले यात्रियों में पाए गए हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हुन सेन ने कहा कि अब तक, कंबोडिया में 94 ओमिक्रॉन मामले दर्ज किए गए हैं और सभी बाहरी मामले हैं, ओमिक्रॉन वेरिएंट को सामुदायिक घरेलू उपचार से फैलने से रोकना मुश्किल है। उन्होंने कहा, सभी ओमिक्रॉन मरीजों को कोरोना के अस्पतालों में इलाज करवाना होगा, क्योंकि घरेलू उपचार की अनुमति नहीं है। 24 नवंबर, 2021 को दक्षिण अफ्रीका से विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) को पहली बार ओमिक्रॉन वेरिएंट की सूचना दी थी और इसे डब्ल्यूएचओ ने वेरिएंट ऑफ कंसर्न के रूप में वर्गीकृत किया था। दक्षिण पूर्व एशियाई देश में 14 दिसंबर को घाना से लौट रही एक गर्भवती कंबोडियाई महिला में ओमिक्रॉन वेरिएंट की पुष्टि हुई थी।

## जापान: उत्तर कोरिया ने बैलिस्टिक मिसाइल दागी

**टोक्यो।** डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (डीपीआरके) ने बुधवार सुबह संभवता एक बैलिस्टिक मिसाइल लॉच है। ये जानकारी जापान की सरकार ने दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, जापान तटरक्षक बल ने कहा कि माना जा रहा है कि अज्ञात मिसाइल पहले ही दागा जा चुका है। दक्षिण कोरिया की समाचार एजेंसी योनहाप ने दक्षिण कोरियाई सेना के हवाले से कहा कि इसे जापान सागर की ओर दागा गया। यह 2022 में देश का पहला परीक्षण है। इससे पहले, डीपीआरके ने अक्टूबर 2021 में एक नए तरह की पनडुब्बी से प्रक्षेपित बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया है।

## पाकिस्तान में कोरोना के 898 नए मामले, 5 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में कोरोना के बीते 24 घंटे में 898 नए मामले सामने आए। ये जानकारी नेशनल कमांड एंड ऑपरेशन सेंटर (एनसीओसी) ने बुधवार को दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने एनसीओसी के हवाले से बताया कि देश में अब तक 1,298,763 नए मामलों की पुष्टि हुई है, जिनमें से 1,257,600 मरीज ठीक हुए है। पाकिस्तान में वर्तमान में 12,213 सक्रिय मामले हैं, जिनका अस्पतालों में इलाज चल रहा है, जबकि 652 की हालत गंभीर है। एनसीओसी के आंकड़ों के अनुसार, मंगलवार को महामारी से 5 नई मौतें दर्ज की गई, जिससे कुल मौतों की संख्या बढ़कर 28,950 हो गई। मामलों की संख्या के मामले में पाकिस्तान का दक्षिणी सिंध प्रांत सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है, जिसमें कुल 483,648 संक्रमण के मामले हैं। इसके बाद पूर्वी पंजाब प्रांत में 445,940 मामले दर्ज किए गए हैं।

## पाक ने यूएन में फिर उठाया जम्मू-कश्मीर का मुद्दा

**लाहौर।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की 73 वीं वर्षगांठ पर एक बार फिर जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया। शाह ने ट्विटर पर लिखा, 73 वीं वर्षगांठ पर, संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में स्वतंत्र और निष्पक्ष जनमत संग्रह के माध्यम से जम्मू और कश्मीर विवाद को हल करने की हमारी प्रतिबद्धता, हम कश्मीरियों को उनके आत्मनिर्णय के अहरणीय अधिकार की प्राप्ति के लिए उनकी उचित मांग में हमारे पूर्ण समर्थन की पुष्टि करते हैं। पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भारत अधिकृत जम्मू-कश्मीर में बिगड़ती स्थिति का संज्ञान लेने और कब्जे वाले क्षेत्र में मानवता के खिलाफ गंभीर मानवाधिकारों के उल्लंघन और गंभीर अपराधों के लिए भारत को जवाबदेह ठहराने का आह्वान करता है। यह पहली बार नहीं है, जब पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप का आह्वान किया है। दिसंबर 2021 में, कुरैशी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष और संयुक्त राष्ट्र महासचिव को एक पत्र लिखा था, जिसमें भारत से अनुच्छेद 370 को रद्द करने जैसे कार्यों को उलटने का आह्वान किया था। दरअसल मोदी सरकार ने पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया था, जिसके तहत जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जे मिला हुआ था। इसके बाद से ही पाकिस्तान बौखलाया हुआ है और उसने कई अंतरार्ष्ट्रीय मंचों पर इसका विरोध किया है। हालांकि उसके मंसूबों पर हर बार पानी फिर जाता है और उसकी बेकार की बातें सुनने वाला कोई नहीं है।